

# विश्व स्ट्रोक संगठन

## स्ट्रोक सहायता संगठन टूलकिट

World Stroke Organization

StrokeSolidarity

S·A·F·E Stroke Alliance For Europe

Stroke association

**स्ट्रोक एसोसिएशन**
द्वारा प्रकाशित
स्ट्रोक एसोसिएशन हाउस
240 सिटी रोड
लंदन
EC1V 2PR

**ई-मेल:** info@stroke.org.uk
stroke.org.uk

World Stroke Organization

StrokeSolidarity

S·A·F·E Stroke Alliance For Europe

Stroke association

आइटम कोड A12UKSF05
स्ट्रोक एसोसिएशन एक गारंटी द्वारा सीमित और, इंग्लैंड एंड वेल्श में पंजीकृत (No 61274) कंपनी है।

पंजीकृत ऑफिस: स्ट्रोक एसोसिएशन हाउस, 240 सिटी रोड, लंदन EC1V 2PR इंगलैंड एंड वेल्श में (No 211015) और स्कॉटलैंड में (SC037789) चैरिटी के रूप में पंजीकृत। इसके

# विषय वस्तु


| | | |
|---|---|---|
| 1 | परिचय एव प्रस्तावना | 4 |
| 1.1 | परिचय | 4 |
| 1.2 | स्ट्रोक सहायता संगठन क्यों आवश्यक है | 4 |
| 1.3 | प्रोफ़ेसर नॉर्विंग की प्रस्तावना | 5 |
| 2 | टूलकिट के उद्देश्य | 6 |
| 3 | प्रमुख तथ्य | 7 |
| 4 | टूलकिट हेतु शोध | 8 |
| 4.1 | हमने अपनी जानकारी किस प्रकार एकत्र की | 8 |
| 4.2 | संगठनों का चुनाव किस प्रकार हुआ था? | 9 |
| 4.3 | प्रतिक्रिया स्तर | 10 |
| 5 | टूलकिट का उपयोग किस प्रकार करें? | 11 |
| 6 | किस प्रकार आरंभ करें | 12 |
| 6.1 | किसी SSO को क्या अच्छा बनाता है? | 12 |
| 6.2 | सहायता क लिए लोगो को ढूँढना | 13 |
| 6.3 | पहली मुलाकात | 15 |
| 6.4 | पहली मुलाकात के बाद | 16 |
| 6.5 | आपकी पहली योजना के विषय-वस्तु | 17 |
| 6.6 | 'आरंभ' का अंत | 21 |
| 7 | SSO विकसित करना | 22 |
| 7.1 | अभी हम कहाँ हैं? | 22 |
| 7.2 | हम कहाँ होना चाहते हैं? | 25 |
| 7.3 | वहाँ कैसे पहुँचें? | 25 |
| 7.4 | किस प्रकार प्राथमिकता तय करें? | 25 |
| 7.5 | योजनाओं को किस प्रकार क्रियान्वित करें | 26 |
| 7.6 | प्रमुख समस्या से निपटना | 27 |
| 7.6.1 | फंडिंग | 27 |
| 7.6.2 | स्वयंसेवी | 32 |
| 7.6.2.1 | स्वयंसेवियों को खोजना | 32 |
| 7.6.2.2 | स्वयंसेवियों का चयन | 33 |
| 7.6.2.3 | स्वयंसेवियों का प्रबंधन | 33 |
| 7.6.3 | संगठनात्मक स्वरूप एव संचालन | 34 |
| 7.6.4 | अभियान एव प्रभावित करना | 35 |
| 7.6.5 | मूल्यांकन एवं निरंतरता | 38 |
| 7.6.5.1 | मूल्यांकन | 38 |
| 7.6.5.2 | निरंतरता | 38 |
| 8 | अन्य केस स्टडीज़ | 39 |
| 8.1 | सही कौशल वाले कर्मचारी तैयार करना | 39 |
| 8.2 | कानूनी समस्याएँ | 39 |
| 8.3 | सेवा उपयोगकर्ता प्रतिनिधित्व | 39 |
| 8.4 | स्ट्रोक से बचे लोगों से परामर्श | 40 |
| 8.5 | देश के केस स्टडीज़ | 40 |
| 9 | सहायता के लिए कहाँ जाएं | 43 |
| 9.1 | विश्व स्ट्रोक संगठन में शामिल हों | 43 |
| 9.2 | यूरोप हेतु स्ट्रोक गठबंधन (SAFE) में शामिल हों | 43 |
| 9.3 | महत्वपूर्ण संपर्क एवं उपयोगी संसाधन | 44 |
| 10 | आभार | 45 |
| 11 | अस्वीकरण | 46 |
| | शब्दावली | 46 |
| परिशिष्ट I – | स्ट्रोक एसोसिएशन यूके सूचना पत्र | 47 |
| परिशिष्ट II – | प्लानिंग टूल | 48 |
| परिशिष्ट III – | व्यवस्था का उदाहरण | 50 |

# 1. परिचय एवं प्रस्तावना

## 1.1 परिचय

समुदाय में स्ट्रोक से बचे लोगों की सहायता करने, और रोगियों की आवाज बुलंद करने में स्ट्रोक सहायता संगठन (SSO) की प्रमुख भूमिका है। स्ट्रोक से पीड़ित लोगों के लिए सेवाएँ सुधारने में भी इनकी भूमिका होती है।

SSO के कार्य के बगैर, स्ट्रोक रोकथाम और देखभाल में हुए अनेक सुधार संभव नहीं होते। लेकिन अभी भी बहुत कुछ है जो हम कर सकते हैं।

## 1.2 स्ट्रोक सहायता संगठन क्यों आवश्यक है

SSO रोगियों का प्रतिनिधित्व ऐसी दुनिया में करता है जहाँ लोगों का ध्यान स्वास्थ्य पेशेवरों के विचारों पर काफी केंद्रित रहता है। SSO निम्न कार्य कर सकते हैं:

- स्ट्रोक की देखभाल से संबंधित निर्णय लेने वाले व्यक्तियों को स्ट्रोक से पीड़ित लोगों के लिए महत्वपूर्ण चीजों को समझने में सहायता करना – लक्षण के अदृश्य रहने पर या लोगों की अपनी बात बताने की क्षमता सीमित हो जाने पर यह महत्वपूर्ण हो सकता है;
- स्ट्रोक से प्रभावित लोगों को इस तरह सहायता प्रदान करना जैसा कि कोई और न कर सके या न कर पाएगा;
- सामाजिक सहायता समूह उपलब्ध करना, जिन्होंने स्वास्थ्य-लाभ में सकारात्मक प्रभाव दिखाए हैं;
- स्ट्रोक से प्रभावित लोगों की तरफ से वकालत करना और उनके बदले कार्य करना;
- सरकार की नीतियों को बदलने और प्रभावित करने में सहायता करना;
- स्ट्रोक से प्रभावित लोगों के साथ बेहतर संवाद के लिए स्ट्रोक पेशेवरों की सहायता करना।

## 1.3 प्रोफ़ेसर नॉर्विंग की प्रस्तावना

2006 में, केप टाउन में आयोजित विश्व स्ट्रोक कांग्रेस में स्ट्रोक का वैश्विक रूप से प्रतिनिधित्व करने वाली दो अग्रणी संस्थाएँ, इंटरनेशनल स्ट्रोक सोसाइटी और वर्ल्ड स्ट्रोक फेडरेशन (WSF) का विलय हुआ, और एक नई संस्था वर्ल्ड स्ट्रोक संगठन (WSO) स्वरूप में आई। इस तरह, WSO में व्यक्तिगत सदस्यों और पेशेवरों के साथ-साथ स्ट्रोक सहायता संगठन (SSO) भी शामिल है। WSO निम्न कार्य करके दुनिया भर में स्ट्रोक देखभाल तक पहुँच प्रदान करने, तथा स्ट्रोक से बचे लोगों के देखभाल को सुधारने वाले शोध एवं शिक्षण को बढ़ावा देते हैं:



- स्ट्रोक तथा वेस्कुलर डेमेंशिया से पीड़ित लोगों की देखभाल और रोकथाम को बढ़ावा देना;
- उत्तम मानक कार्यप्रणाली का प्रोत्साहन देना;
- अन्य अंतर्राष्ट्रीय, सार्वजनिक, और निजी संस्थाओं के सहयोग से प्रशिक्षित करना;
- क्लिनिकल शोध में मदद करना।

स्ट्रोक सहायता संगठन में वृद्धि इस मिशन का हिस्सा है, जो कि उतना अधिक उन्नत नहीं है जैसा कि विश्व भर में होना चाहिए। WSO स्ट्रोक सहायता संगठन की उप-समिति इस कार्य का नेतृत्व करती है।

WSO संभावित और मौजूदा SSO को सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि उनके द्वारा लोगों को स्ट्रोक पश्चात् उनके जीवन को संवारने में मदद करना सुनिश्चित हो सके। SSO की आवाज WSO का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

मेरा मानना है कि इस टूलकिट में शामिल दूसरों के अनुभव देखने से नए SSO को दूसरों से यह जानने में मदद मिलेगा कि क्या काम करता है और क्या नहीं, और यह कि वे स्वयं क्या होंगे। WSO सारे प्रदेशों में SSO के विकास को भरपूर समर्थन करता है – मैं इस महत्वपूर्ण कार्य में आपकी कामयाबी के लिए ढेर सारी शुभकामनाएँ देता हूँ।

**प्रोफेसर बो नॉर्विंग**
प्रेसीडेंट,
विश्व स्ट्रोक संगठन

# 2 टूलकिट के उद्देश्य

उद्देश्य, मौजूदा और संभावित नए SSO दोनों के लिए 'टूलकिट' विकसित करना, तथा एक SSO के विकास और वृद्धि के लिए मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करना, विशेष कर दुनिया के ऐसे हिस्सों में जहाँ एक भी SSO मौजूद न हो था।

यह टूलकिट उन लोगों की मदद करेगा जो दुनिया भर में स्ट्रोक से बचे लोगों के साथ कार्य कर रहे हैं, और WSO को स्ट्रोक से बचे लोगों के लिए सहायता का वैश्विक परिदृश्य के बारे में सूचित करने में सहायता करेगा।



# 3 प्रमुख तथ्य

स्ट्रोक पर विश्वव्यापी शोध से[1], हमें ज्ञात है कि:

पूरे विश्व में लगभग 1.5 करोड़ लोग हर साल स्ट्रोक से पीड़ित होते हैं
लगभग एक चौथाई स्ट्रोक 65 वर्षों से कम आयु के लोगों को होता है
स्ट्रोक लगभग एक तिहाई लोगों को स्थाई तौर पर अक्षम कर देता है
स्ट्रोक से बचे लोगों में आवृत्ति स्ट्रोक आम होता है और अपने पहले स्ट्रोक से उबरने वाले लगभग एक तिहाई लोगों को 5 वर्षों के अंदर दूसरा स्ट्रोक हो जाता है।

**इस टूलकिट को विकसित करने के लिए, हमने पूरे विश्व में फैले 19 मौजूदा SSO से जानकारी एकत्र की (अनुभाग 4 देखें) जो दिखाता है कि:**

89% SSO ने फंड हासिल करने जैसी **वित्तीय** समस्याओं को अपने संगठन के विकास के सामने प्रमुख बाधाओं में से एक माना है। 50% SSO ने महसूस किया कि SSO शुरू करने में वित्त सबसे बड़ी बाधा है।

केवल **एक** संगठन ने नहीं कहा कि वित्त कोई बाधा है।

39% SSO ने महसूस किया कि विकास की सबसे बड़ी बाधाओं में से एक सरकारी सहायता की कमी है।

22% मानते हैं कि उनके देश में स्ट्रोक के प्रति जागरूकता काफी कम है और उनके संगठन के विस्तार में यह एक महत्वपूर्ण बाधा है।

19 **में से केवल** 4 संगठन के पास बड़ी संपत्तियाँ या वित्तीय रिजर्व था।

हमारे द्वारा पूछे गए 19 संगठनों में से, 4 के पास कोई वेतनकर्मी नहीं था और 2 के पास केवल एक वेतनकर्मी था।

13 संगठनों ने स्वयंसेवियों की भर्ती के लिए पेशेवरों, मौखिक तौर-तरीके और स्ट्रोक से बचे लोगों और देखभालकर्ताओं पर भरोसा किया। केवल 3 संगठन स्वयंसेवी भर्ती एजेंसी तक पहुँच पाए।

39% SSO ने माना कि उनके SSO को आरंभ करने में सबसे प्रमुख बाधाओं में से एक उपयुक्त स्टाफ या स्वयंसेवियों की कमी थी।

22% का मानना था कि उनके देश में बहुत कम NGO हैं और जो मौजूद हैं, उनके लिए कोई सहायता संरचना उपलब्ध नहीं है।

33% संगठनों के राष्ट्रीय सरकार के साथ संबंध हैं, 27% के **स्थानीय** सरकार के साथ, 16% के **राष्ट्रीय और स्थानीय दोनों के साथ** और 11% का **सरकार** के साथ किसी भी प्रकार के संबंध नहीं हैं।

19 में से 13 संगठन परिवर्तन हेतु अभियान में शामिल हैं। **रक्तचाप जागरूकता इस पर केंद्रित अभियानों में** से लगभग एक चौथाई (25%) के लिए सबसे महत्वपूर्ण अभियानों में से एक था। 38% अभियान **स्ट्रोक जागरूकता सप्ताह पर केंद्रित था**।

22% संगठन पूरी तरह स्वयंसेवियों के नेतृत्व में हैं। 11% संगठन एक भी स्वयंसेवी के **साथ** काम नहीं करते हैं। 38% संगठन 100 या अधिक स्वयंसेवियों के साथ काम करते हैं।

[1] जानकारी स्ट्रोक एलायंस फोर यूरोप की वेबसाइट www.safestroke.org से ली गई है।

# 4 टूलकिट हेतु शोध

## 4.1 हमने अपनी जानकारी किस प्रकार एकत्र की

इससे पहले कि यह टूलकिट विकसित किया जा सकता, पहले से मौजूद SSO के बारे में, साथ ही साथ संगठन के विभिन्न 'मॉडल' के बारे में जानकारी आवश्यक थी। कुछ मौजूदा संगठनों की गतिविधियों का ख़ाका तैयार करना आरंभिक बिंदु था। फिर उसके आधार पर हमलोगों ने प्रश्नावली तैयार किया और जिसे WSO को ज्ञात दुनिया भर के SSO को भेजा गया। प्रश्नावली गतिविधियों और इतिहास के बारे में था और निम्न प्रकार के प्रश्न पूछे गए थे:

- आपके देश में एक SSO स्थापित करने में सबसे बड़ी बाधा क्या है?
- आपने इस बाधा को किस प्रकार पार किया?
- आपका संगठन स्ट्रोक झेल चुके लोगों को किस प्रकार सहायता सेवा प्रदान करता है?
- आपके संगठन के परिचालन में स्ट्रोक से बचे लोगों और उनके परिवार का कितना प्रभाव है?

ऐसे प्रश्न पूछ करके 2012 में दुनिया भर के SSO की गतिविधियों, अनुभव और समस्याओं का 'चित्र' तैयार किया गया जो SSO स्थापित करने की इच्छा रखने वालों को यह दिखाने में मदद कर सकता हो कि क्या संभव है और क्या समस्याएँ आ सकती हैं।


प्रश्नावलियाँ दुनिया भर के 35 अलग-अलग SSO के भेजी गईं (इन संगठनों की सूची आभार में है)। जब प्रश्नावलियाँ प्राप्त हुईं, तो जानकारी का उपयोग निम्न कार्य के लिए किया गया:

- संगठन स्थापित करने के विभिन्न विकल्पों पर मार्गदर्शन विकसित करना
- SSO स्थापित और विकसित करने के दौरान आ सकने वाली बाधाएँ दिखाएँ, उदाहरण देते हुए कि अन्यों ने ऐसी समस्याओं का सामना किस प्रकार किया;
- अलग-अलग SSO और उनके अनुभवों के बारे में केस स्टडीज़ विकसित करें।

## 4.2 संगठनों का चुनाव किस प्रकार हुआ था?

35 संगठन जिन्हें प्रश्नावली पूरा करने के लिए कहा गया था, उनमें से 19 विश्व स्ट्रोक संगठन के सदस्य हैं (**कृपया विवरण के लिए आभार देखें**)। अन्य 16 संगठन या तो किसी WSO सदस्य को पता थे या SSO दल के सदस्य थे।

ड्राफ़्ट टूलकिट का मूल्यांकन कुछ स्वैच्छिक SSO द्वारा इसकी उपयोगिता जाँचने के लिए किया गया।



## 4.3 प्रतिक्रिया स्तर

### 35 संगठनों में से जिन्हें प्रश्नावली भेजा गया था, हमने अपने 54% का लक्षित प्रतिक्रिया दर प्राप्त कर लिया।

दल के द्वारा भेजे गए अधिकतर ई-मेल अंग्रेजी में थे जो संभवतः कुछ SSO के लिए बाधा साबित हुई हो। दल ने सुनिश्चित किया कि टूलकिट में कई देशों और महाद्वीपों के उत्तर प्रतिबिंबित हुए हों।



# 5 टूलकिट का उपयोग किस प्रकार करें?

## हमने टूलकिट दो 2 प्रमुख भागों में विभाजित किया:

1. आपको SSO शुरू करने में मदद करने के लिए – यह अनुभाग 6 है

2. आपको SSO शुरू करने में मदद करने के लिए – यह अनुभाग 7 है

चाहे आप एक SSO आरंभ करना चाहते हों या किसी मौजूदा को बढ़ाना चाहते हों, आशा है कि टूलकिट के उपयोगकर्ता ज्यादातर सामग्री को मददगार पाएंगे। इसे पाठकों को अपने लिए सबसे उचित अनुभाग के चयन हेतु डिज़ाइन किया गया है।

हम मौजूदा SSO द्वारा प्रस्तुत किए गए कई केस स्टडीज़ के भी बहुत आभारी हैं। किसी SSO द्वारा किसी विशेष समस्या पर काबू पाने के वास्तविक उदाहरण, प्रेरक और शिक्षाप्रद दोनों होने चाहिए।

# 6 किस प्रकार आरंभ करें

हालांकि हमारे कुछ SSO अनेक कर्मचारी और स्वयंसेवकों वाले बहुत बड़े संगठन हैं, उनमें एक चीज आम है – उन्होंने लोगों के एक छोटे समूह से शुरुआत की थी जो एक आम कारण से प्रेरित थे।

हम आशा करते हैं कि इस टूलकिट का अनुभाग 6 आपको अपने SSO को सफलतापूर्वक आरंभ करने के लिए सभी आवश्यक जानकारी प्रदान करेगा।

## 6.1 किसी SSO को क्या अच्छा बनाता है?

हमारे शोध बताते हैं कि सफल SSO में निम्न विशेषताएँ होती हैं:

- उत्साह और दृढ़ संकल्प वाले एक व्यक्ति या कुछ लोग;
- बड़ी संख्या में लोगों के साथ कार्य करने की क्षमता;
- यह समझ कि स्ट्रोक की दुनिया में परिवर्तन करने इच्छा आरंभ में छोटे-छोटे कार्यों को अच्छी तरह से करने पर ध्यान केंद्रित करके पूरी हो सकती है;
- और जैसा कि हम शोध में और अनुभाग 3 में देख सकते हैं - धन, धन, धन।



## 6.2 सहायता के लिए लोगों को ढूँढना

स्ट्रोक का सामना करना अकेलेपन वाला अनुभव हो सकता है, लेकिन ऐसा होने की जरूरत नहीं, क्योंकि कई लोग और संगठन सहायता कर सकते हैं, इनमें निम्न सम्मिलित हैं:

**पेशेवर या सेवा उपयोगकर्ता स्वयंसेवक** – स्ट्रोक के बारे में जुनूनी सेवानिवृत्त पेशेवर, स्ट्रोक से बचे हुए लोगों का समूह या देखभालकर्ताओं द्वारा अपने समय या अनुभव देने की संभावना होती है।

**केस स्टडी: सेवा उपयोगकर्ताओं को संगठन में शामिल करना – इंडोनेशिया और यूकेइंडोनेशिया** में यह पाया गया कि कार्यक्रमों और सेमिनार, या विश्व स्ट्रोक दिवस कार्यकलापों में सेवा उपयोगकर्ताओं को आमंत्रित करने से, जागरूकता बहुत बढ़ी है।

**यूके स्ट्रोक सभा** मामलों को उठाए जाने वाला एक मंच है और उपस्थित लोग ज्यादातर स्ट्रोक से बचे हुए या देखभालकर्ता होते हैं। स्ट्रोक से प्रभावित लोग कार्यक्रम तय करने में सहायता करते हैं और कार्यक्रम को ज्यादा से ज्यादा सुलभ बनाते हैं।

**स्थानीय अस्पताल/ स्वास्थ्य सेवा प्रदाता** – आपको स्ट्रोक से बचे हुए हुए लोगों के लिए उपलब्ध सेवाओं के बारे में बता सकते हैं, और बचे हुए लोगों के संपर्क भी बता सकते हैं।

**स्वास्थ्य प्रावधानों के लिए उत्तरदायी स्थानीय या राष्ट्रीय सरकारी कार्यालय** – वे संभवतः स्ट्रोक सेवा प्रदान करने वाले संगठनों को देख रहे हों या सलाह तथा धन देने में सक्षम हों।

**पेशेवर और चिकित्सक** – स्ट्रोक से बचे लोगों के संपर्क में हो सकते हों जो आपकी सेवाओं का भविष्य में उपयोग करना चाहें।

**केस स्टडी: स्ट्रोक पेशेवरो को लक्ष्य करें – स्लोवेनिया**

**स्लोवेनिया** ने सेवानिवृत्त स्ट्रोक पेशेवरों को आकर्षित करने पर ध्यान केंद्रित किया है जिनके पास ज्यादा समय था परन्तु अभी भी बदलाव करने का जुनून था। कुछ पेशेवर आरंभ से ही संगठन में सक्रिय थे। धीरे-धीरे अन्य पेशेवर आकर्षित हुए, ज्यादातर वे जिनके पास रुचि, ज्ञान और समय था। कुछ के पास पहले से ही स्वैच्छिक कार्य का अनुभव था।

**अन्य संगठन** जिनके आपके साथ संभवतः साझा रुचि हो और जो संयुक्त रूप से कार्य करने के इच्छुक हों।

**एक अकेला व्यक्ति या प्रवीण लोगों का छोटा समूह** – जो नीति निर्धारकों को प्रभावित कर सकते हों या शुरुआती सहायता और धन प्राप्त करने के लिए परोपकारी लोगों से आग्रह कर सकते हों।

क्या आपके देश में **कोई ऐसा संगठन है जो एनजीओ (गैर सरकारी संगठन) को सहायता और मार्गदर्शन का प्रदान करता हो** ? उनसे यह देखने के लिए संपर्क करें कि वे संसाधन, जानकारी और आर्थिक मदद के रूप में क्या प्रदान कर सकते हैं।

**क्या कोई अन्य संगठन है** जो कुछ कार्यों को साथ मिलकर पूरा करने के लिए, भागीदार बनने के इच्छुक हो सकते हों?

**हृदय या अन्य स्वास्थ्य स्थितियों से निपटने वाले संगठन** संभवतः पूर्व में स्ट्रोक पर कुछ कार्य किए हों। वे संभवतः स्ट्रोक समेत कई स्थितियों के बारे में, संसाधनों या अभियानों को तत्काल साझा करने के प्रति उदार हों। पुराने बीमारियों के आस-पास विशिष्ट मुद्दों पर, या तो बीमारी के रोकथाम या पीड़ितों के लिए सहायता हेतु, जनमत तैयार करने के लिए गठबंधन बनाने पर विचार करें

### क्या आपके संगठन का कोई संभावित प्रतिद्वंद्वी है जिससे बात करने और प्रभावित करने की जरूरत हो?

मौजूदा संगठन, छोटे पैमाने वाले, खतरा महसूस कर सकते हैं। क्या उनके साथ कार्य करने का कोई अवसर है बजाय इसके कि एक बिल्कुल अलग नया संगठन बनाया जाए? आप उन नीति निर्धारकों में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास कर सकते हैं जो यह मानते हैं कि SSO की आवश्यकता नहीं है। स्वास्थ्य पेशेवर और सेवा प्रदाता जैसे कि अस्पताल आपके संगठन में संभवतः रुचि न ले और सोचे कि यह उनके लिए खतरा है।

### क्या मौजूदा रोगी या सहायता समूह से बात करने की कोई जरूरत है?

कुछ ऐसे स्वैच्छिक समूह हो सकते हैं जिनके साथ आप कार्य कर सकते हों, जैसे कि स्ट्रोक क्लब जिनके पास पहले से ही स्वयंसेवी और स्ट्रोक से बचे लोग होते हैं। आपको स्ट्रोक से बचे लोगों और देखभालकर्ताओं को काम में लगाने की जरूरत पड़ सकती है।

### केस स्टडी: स्ट्रोक पेशेवरों को लक्ष्य करना – इज़राइल

**इज़राइल** ने स्थानीय विश्वविद्यालय के स्पीच और भाषा चिकित्सा विभाग से बातचीत की। द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को उनके क्लिनिकल प्रशिक्षण में प्रवेश से पूर्व वाचाघात के पारिवारिक संबंध पर केंद्रित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम की पेशकश की गई थी। उनके एक परिवार के साथ रहना था और स्ट्रोक क्लब के लिए एक कार्यकलाप तैयार करना था। SSO के परिणाम बहुत फलदायक थे – इज़राइल को विद्यार्थी निर्देश के लिए भुगतान किया, स्ट्रोक क्लब में एक मुफ़्त और प्रशिक्षित करने वाला कार्यक्रम आरंभ हुआ और विद्यार्थियों नें स्ट्रोक संगठनों को चुनना आरंभ कर दिया जबकि पहले वे उन पर ध्यान नहीं देते थे।



## 6.3 पहली मुलाकात

SSO बनाने के लिए आवश्यक वास्तविक जरूरतों की पहचान और पुष्टि के बाद, और ऐसा ही सोचने वाले कुछ लोगों का पता लगाने के बाद, शुरूआत करने का एक अच्छा तरीका एक मीटिंग बुलाना है।

**सभी मीटिंग अच्छे हो सकते हैं यदि:**

उनके उद्देश्य स्पष्ट हों और जिनके बारे में जानकारी सभी उपस्थित लोगों को हो;

मीटिंग से पहले उपयुक्त मात्रा में जानकारी जारी की जाए (न बहुत ज्यादा, न बहुत कम) ताकि सभी लोगों की समझ समान स्तर पर हो;

वे ऐसी जगह आयोजित हों जहाँ लोगों को 'व्यावहारिक' होने में मदद मिले। कभी-कभी, किसी के घर में मीटिंग के अलावा कोई और विकल्प नहीं होगा।

जलपान हमेशा मदद करता है!

कोई व्यक्ति मीटिंग की 'अध्यक्षता' या मीटिंग को 'सुगम' बनाने योग्य हो सकता है, यदि वह:

- सपष्ट रूप से संवाद कर सके;
- लोगों को भागीदारी के लिए प्रोत्साहित कर सके;
- विचार-विमर्श को प्रासंगिक मामलों तक और उपलब्ध समय के अंदर रख सके;
- विचार-विमर्श का संक्षेपण कर सके और समझौतों या निर्णयों के लिए निवेदन कर सके;
- उत्साही और प्रोत्साहक हो।

विशेष रूप से पहली मीटिंग में, इससे अध्यक्ष या सुकारक के कार्यों के विभाजन में सहायता मिलती है, इस प्रकार कार्य साझे होते हैं और एक ही व्यक्ति मीटिंग पर हावी नहीं होता है।

कोई व्यक्ति मीटिंग में नोट्स बना रहा हो, या कम से कम सहमति वाले कार्रवाईयों और दूसरे महत्वपूर्ण चीज़ों को लिख रहा हो। इसके साथ ही, सभी व्यक्ति के संपर्क विवरण लेना न भूले - एक मुद्रित फॉर्म मददगार हो सकता है।

**अपने पहले मीटिंग में, आपको निम्न मुद्दों पर सहमति की कोशिश करनी चाहिए:**

- कार्य सूची, जिम्मेदार व्यक्ति और कार्यों की अंतिम तिथि;
- SSO के मुख्य व्यक्ति कौन-कौन होंगे, उदाहरणार्थ, अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और सचिव;
- कितने लोग मीटिंग जारी रखना चाहते हैं;
- लोगों के विचार कि किस प्रकार मीटिंग में उपस्थिति बढ़े और यह प्रभावशाली बने;
- अगले मीटिंग की तिथि और समय।



## 6.4 पहली मुलाकात के बाद

एक अच्छी उपस्थिति वाली और सुप्रबंधित पहली मीटिंग आपको SSO आरंभ करने के लिए आवश्यक सभी प्रतिबद्धता हासिल करने में मदद करेगी। हालांकि, यह निम्न कार्यों में मददगार हो सकता है:

मीटिंग के तुरंत बाद स्वेच्छापूर्वक कार्य करने को तैयार लोगों को संपर्क करना, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके वे अभी भी कार्य करके खुश हैं और इस कार्य में आगे बढ़ने के बारे में उनके विचार स्पष्ट हैं। आप ऐसा भी पा सकते हैं कि पहले तैयार कुछ लोगों के पास कार्य करने के लिए समय न हो, और आप यह जितनी जल्दी जान पाते हैं, उतनी ही जल्दी से आप किसी और व्यक्ति को खोज पाते हैं।

अगर आपको मीटिंग में कुछ 'जटिल' लोगों से सामना होता है, तो आप उनसे भी संपर्क करना चाह सकते हैं। वे अनेक कारणों से जटिल हो सकते हैं, उदाहरण के लिए, अपने अहसासों की तीव्रता के कारण, स्वयं अपने निजी अनुभव के कारण या क्योंकि वे कुछ महत्वपूर्ण निर्णयों से सहमत न हो। अकसर, ऐसे लोगों के पास कार्य के लिए बहुत उत्साह होता है और उन्हें इसी वक्त शामिल करने से बाद में काफी बड़े लाभ मिल सकते हैं।



## 6.5 आपकी पहली योजना के विषय-वस्तु

आपको अपनी योजनाएँ दर्ज करनी चाहिए। इसे लंबा दस्तावेज़ होने की जरूरत नहीं है और यह अधिक लोगों को जुड़ने में मदद करेगा, आपकी इच्छा को रूप देगा, प्रमुख मुद्दों की पहचान करेगा और आपको प्रगति मापने के लिए कुछ प्रदान करेगा।

**अपनी पहली योजना, आप निम्न पर विचार कर सकते हैं:**

**एक SSO के रूप में आप क्या चाहते हैं? आपको SSO स्थापित करने के अपने उद्देश्यों पर विचार करना पड़ेगा। क्या यह:**

इसलिए है कि स्ट्रोक और स्ट्रोक के पश्चात् लोगों में अक्षमता की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है?
इसलिए है कि स्ट्रोक के बारे में जागरूकता और स्ट्रोक के प्रभावों का प्रबंधन करने वाले संगठनों की कमी है?
स्ट्रोक से बचे लोगों और उनके परिवार को जीवनपर्यंत सहायता देने के लिए है?
एक निरंतर पुनर्वास पथ विकसित करने के लिए है?
स्ट्रोक से बचे लोगों और उनके परिवार को वाचाघात से पीड़ित लोगों के लिए स्पीच उपचार प्राप्त करने हेतु मदद करने के लिए है?
मौजूदा स्पीच, पेशेवर और फिजियोथीरेपी के अलावा अन्य सहायता प्रदान करने के लिए है?
अभियान, शिक्षण और शोध के माध्यम से स्ट्रोक की रोकथाम, और उसके प्रभाव को कम करने के लिए है?
शोध के लिए धन देने के लिए है?
स्ट्रोक से बचे युवा लोगों जैसे विशिष्ट समूह को समर्थन देने के लिए है?
स्ट्रोक की रोकथाम के लिए है, उदाहरण के लिए स्वस्थ जीवनशैली का प्रचार करके?
स्ट्रोक की अभिस्वीकृति बढ़ाने और लोगों को इसके बारे में बात करने हेतु प्रेरित करने लिए है?
स्ट्रोक से पीड़ित रोगियों के बीच आत्मनिर्भरता और परस्पर सहायता के बढ़ावा के लिए है?
लोगों को शिक्षित करने और जागरूकता बढ़ाने के लिए है?

**आप क्या सेवा प्रदान करना चाहते हैं? निम्न सूची कुछ विचार प्रदान करेगी और आपको प्रत्येक के लाभ और हानि के बारे में निर्णय लेने में मदद करेगी:**

1. **क्या आप स्ट्रोक सहायता समूह संचालित करेंगे?** आपको इस बारे में विचार करना पड़ेगा कि आप अपने स्ट्रोक सहायता समूहों को कैसा स्वरूप देना चाहते हैं। स्ट्रोक सहायता समूह लोगों को संवाद में मदद कर सकते हैं, या स्ट्रोक से बचे लोगों या देखभालकर्ताओं को बस एक दूसरे मिलने, अपने अनुभव साझा करने और नए दोस्त बनाने के लिए कर सकते हैं। आप अपने समूह को सुरक्षित और कानूनी बनाने के तरीकों पर विचार कर सकते हैं, उदाहरण के लिए सही बीमा प्राप्त करके।

2. **क्या आप स्ट्रोक से बचे लोगों को अन्य सेवाएँ प्रदान करेंगे?**
आप लोगों को पत्रिकाएँ और सूचना पत्रक, टेलीफोन सहायता, वियोग सलाह, हॉस्पीटल मुलाकात या हॉस्पीटल छोड़ने पर मुलाकात, अनुकूलन गृह, आर्थिक मदद, व्यायाम कक्षा, फ़ोरम या ऑनलाइन सेमिनार के माध्यम से ऑनलाइन सहायता की पेशकश कर सकते हैं।

3. **क्या आप स्ट्रोक के बारे में जानकारी विकसित करेंगे?**

आप कैसे निर्णय लेंगे कि क्या जानकारी आवश्यक है - क्या मौजूदा SSO आपकी मदद कर सकते हैं? आप अपनी जानकारी किस प्रकार प्रकाशित करेंगे? अपनी जानकारी द्वारा लिए जा सकने वाले अलग-अलग स्वरूप के बारे में और प्रत्येक स्वरूप के लाभ और समस्याओं के बारे में विचार करें:

**पत्रिका** – नवीनतम जानकारी से पूर्ण, लेकिन तैयार करने में महंगा

**जानकारी पुस्तिका, पर्चे, सूचना पत्र** – अनेक लोगों तक पहुँच सकते हैं, लेकिन आप उन्हें कैसे वितरित करेंगे? उन्हें अकसर नई जानकारियों से अद्यतित करना पड़ेगा। क्या ऐसा करने के लिए आपके पास धन होगा?

**वेबसाइट** – इसे तैयार करने में काफी धन लग सकता है लेकिन स्थापित हो जाने के बाद इसका अद्यतन आसानी से हो जाता है। क्या आपकी वेबसाइट में स्ट्रोक संबंधित जानकारी के अनुभाग होंगे?

**टेलीफोन** – टेलीफोन जानकारी सेवा स्ट्रोक से बचे लोगों और उनके परिवार के लिए काफी मददगार हो सकता है, हालांकि इसके लिए बहुत धन और संसाधन लग सकते हैं क्योंकि इसके लिए प्रशिक्षित और जानकार कर्मचारी/स्वयंसेवक जरूरी होंगे और जानकारी का अद्यतन जल्दी-जल्दी करना पड़ेगा।

**न्यूज़लेटर** – ज्यादा लोगों तक पहुँच सकता है और इसे बनाना बहुत आसान है, लेकिन विस्तृत जानकारी के लिए इसमें अकसर पर्याप्त स्थान नहीं होता है।

**टेलीविज़न और रेडियो** – टीवी या रेडियो पर विज्ञापन या अभियान बहुत ज्यादा लोगों तक पहुँचता है लेकिन यह बहुत महंगा हो सकता है – इसके लिए धन कहाँ से लाएँगे?

**कार्यक्रम/कॉन्फ्रेंस या सार्वजनिक लेक्चर** – ये बहुत ही छोटे और सस्ते या बड़े और महंगे हो सकते हैं – आप बड़े कार्यक्रमों के लिए वक्ता और प्रतिनिधि कहाँ से लाएँगे? क्या खर्चे की पूर्ति के लिए पर्याप्त लोग उपस्थित रहेंगे और आप इन कार्यक्रमों का विज्ञापन कैसे करेंगे? छोटे कार्यक्रम पार्टनरशिप में या कम खर्च में किए जा सकते हैं। आपको शैक्षणिक संगठनों से क्या संबंध स्थापित करने की जरूरत है?

**सोशल नेटवर्क वेबसाइट** – ये फ्री हैं और इनका उपयोग आसान है, लेकिन ये एक बार में थोड़ी जानकारी ही दे सकते हैं और इन्हें प्रभावी होने के लिए काफी जल्दी-जल्दी अपडेट करना पड़ता है – इसमें बहुत समय लग सकता है।

## जानकारी उपलब्ध करना

इंटरनेट से पहले, स्ट्रोक के बारे में जानकारी प्राप्त करना बहुत मुश्किल था – अब आपके पास कुछ ज्यादा ही जानकारी हो सकती है, और उपयोगकर्ताओं के लिए मुख्य समस्या इनकी विश्वसनीयता और गुणवत्ता की जानकारी पता लगाने की होती है। हम यहाँ बता रहे हैं कि कैसे सुनिश्चित करें कि जानकारी की गुणवत्ता और मात्रा सही, उपयोगी और प्रासंगिक है।

## परामर्श

जानकारी की आवश्यकता, पसंदीदा स्वरूप और शैली के बारे में अपने संभावित उपयोगकर्ताओं से विचार विमर्श करें।
जानकारी को व्यक्तिगत बनाना और इसे समझने और इसके संसाधन हेतु सहायता प्रदान करना यह मान लेने से ज्यादा बढ़िया है कि जानकारी सभी के लिए ठीक है।
जहाँ तक संभव हो, सहायता के लिए स्थानीय विशेषज्ञ, जैसे नर्स विशेषज्ञ, से मदद लें। वे विशिष्ट परामर्शदाता के रूप में कार्य करने के लिए इच्छुक हो सकते हैं।
किसी अन्य प्रासंगिक स्थानीय संगठन से विचार विमर्श करें जो पहले से ही स्ट्रोक हेतु सेवा प्रदान कर रहे हों या उनकी इससे संबंधित जानकारी में रुचि हो।
यह न भूलें कि स्ट्रोक से बचे कई लोगों को याददाश्त, पहचान या संवाद की समस्या होती है, इसलिए जानकारी को छोटे-छोटे हिस्सों में करना उपयोगी होता है।

## क्या शामिल करना चाहिए

पूरी बात बताएँ – ईमानदार और संतुलित जानकारी तैयार करें।
अनिश्चितता से निपटें – जहाँ चिकित्सकीय मत भिन्न हों या प्रमाण पक्के नहीं हों, यह बताएँ, और प्रयुक्त प्रमाण के स्रोत के बारे में स्पष्ट रहें।
प्रयुक्त प्रमाण का संदर्भ और लिंक प्रदान करें, और सुनिश्चित करें कि आप यथा संभव नवीनतम डेटा स्रोत का उपयोग कर रहे हैं।
जब आप उपचार विकल्पों के बारे में बात कर रहे हों, उपचार कार्यप्रणाली, इसके लाभ और जोखिम और उपचार पश्चात् संभावनाओं के बारे में बताएँ।
ऐसा पाठ लिखें जो कि "ईमानदारीपूर्वक आशावादी", स्पष्ट और संक्षिप्त हो।
आगे की जानकारी और सहायता के स्रोत शामिल करें।
जानकारी पर तिथि शामिल करें और बताएँ कि आप कब दोबारा समीक्षा की योजना बना रहे हैं।

## विचार करने हेतु अन्य बातें

सुनिश्चित करें कि जानकारी सेवा स्वास्थ्य पेशेवर और रोगी संबंध को सहायता देती हो।
जानकारी को अनेक सुलभ स्वरूप में तैयार करें। स्ट्रोक एसोसिएशन यूके का एक सुलभ जानकारी दिशानिर्देश नामक प्रकाशन है – www.stroke.org.uk/resourcesheet/accessible-information-guidelines.
अपनी भूमिका की सीमा स्पष्ट करने के लिए अस्वीकरण शामिल करें और उपयोगकर्ताओं को चिकित्सकीय सलाह प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करें।

4. **क्या आप शोध के लिए धन देंगे?**
   यह नए के मुकाबले विकासशील SSO पर ज्यादा लागू होता है लेकिन खोजबीन करें आप अपने देश में शोध के लिए धन कहाँ से प्राप्त कर सकते हैं। अगर आप धन का इंतजाम नहीं कर पा रहे, तो अपने कर्मचारी और सेवा उपयोगकर्ताओं को शोध में अधिक सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें और आप अपने देश में चल रहे शोध को बढ़ावा दे सकते हैं। आप शोध संस्थानों को स्ट्रोक संबंधित शोध प्रश्न शामिल करने के लिए भी प्रोत्साहित कर सकते हैं।

5. **क्या आप प्रशिक्षण देंगे?**
   विचार करें कि किसे स्ट्रोक संबंधी प्रशिक्षण की इच्छा या जरूरत हो सकती है – ये आपके कर्मचारी/स्वयंसेवक, या NGO और स्वास्थ्य सेवा प्रदाता जैसे अन्य संगठन, या सामान्य जनता जैसे कि स्ट्रोक से बचे लोग और देखभालकर्ता, स्ट्रोक पेशेवर या विद्यार्थी हो सकते हैं। प्रशिक्षण प्रदान करने वाले लोगों को पंजीकृत पेशेवरों की जरूरत पड़ सकती है, इसलिए इन्हें अपने देश में कहाँ खोज सकते हैं के बारे में सोचें।

6. **क्या आप नीति प्रभावित करने का प्रयास करेंगे?**
   अगर करेंगे, तो आपको स्ट्रोक संबंधी वाद-विवादों में जाना होगा और स्थानीय या राष्ट्रीय सरकार के साथ संबंध विकसित करने मे ज्यादा समय लगाना होगा।

**अपने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आवश्यक संसाधनों के बारे में सोचें। संसाधन में वित्त, लोग एवं उनका समय, सामग्री (जैसे कि मार्केटिंग में मदद करने वाली), परिसर, कंप्यूटर उपकरण शामिल हो सकते हैं।**

**आप अपने कार्यों की प्राथमिकता कैसे तय करेंगे, विशेषकर तब जब आप संभवतः उन सभी कार्यों को न कर पाएँ जिन्हें आप करना चाहते हैं। अपनी प्राथमिकता पर विचार करने का एक आसान तरीका, प्रत्येक चीज़ों को लेना और उन्हें निम्न के आधार पर दर्जा (1 = निम्न, 10 = अति उच्च) देना है:**

- उन लोगों पर इसका प्रभाव जिनकी आप मदद करना चाहते हैं;
- इसके लिए आवश्यक संसाधन की मात्रा;
- आप इसे कितनी तेजी से कर सकते हैं;
- इसे करने में कितना कम जोखिम है।
- इसके परिणाम के कितने देर तक बने रहने की संभावना है?



## 6.6 ‘आरंभ’ का अंत

‘आरंभ’ चरण के अंत में, आपके पास अपने SSO के लिए एक लिखित योजना होनी चाहिए। यह बहुत रोमांचक समय होना चाहिए क्योंकि आप अपने पूरे जोश और उत्साह को एक ऐसी योजना में परिवर्तित कर चुके होंगे जो स्ट्रोक से बचे लोगों और उनके परिवार के जीवन में सुधार और स्ट्रोक की संख्या में कमी लाने के आपके कार्यों को आरंभ करेगी।

### केस स्टडी:
### बताएँ कि स्ट्रोक हर उम्र के लोगों को प्रभावित करता है – यूके

**यूके** ने बाल्यावस्था स्ट्रोक के बारे में बात करने की जरूरत को पहचाना और अनेक सूचना पत्र तैयार किए जो बचपन में स्ट्रोक के कारण, उपचार, परिवार पर प्रभाव और सहायता प्रदान करने वाले संगठनों तक लोगों को भेजने में मदद करने वाली जानकारी प्रदान करती हैं।



# 7 SSO विकसित करना

अनुभाग 6 बताता है कि किस प्रकार एक SSO आरंभ करें। यह अनुभाग इसे बढ़ाने और विकसित करने से संबंधित है। अनुभाग 7 की कुछ सामग्री भी SSO आरंभ करने में प्रासंगिक हो सकती है।

## 7.1 अभी हम कहाँ हैं?

किसी भी संगठन की वृद्धि और विकास योजना के लिए वर्तमान स्थिति का पूर्ण और ईमानदार मूल्यांकन आवश्यक है। इसके बगैर, आप गलत 'यात्रा' की योजना बना सकते हैं। उदाहरण के लिए, आप सरकारी सहायता की कमी के कारण होने वाले अवरोध को कम आंक सकते हैं।

आपकी वर्तमान स्थिति के मूल्यांकन हेतु रूपरेखा प्रदान करने वाले कई टूल उपलब्ध हैं।
इनमें निम्न शामिल हैं:

| टूल | विवरण |
|---|---|
| **साझेदार विश्लेषण** | उन लोगों, समूहों और संगठनों की पहचान जिनके साथ प्रभावी संबंध स्थापित करने की जरूरत पड़ सकती है। |
| SWOT **विश्लेषण** | शक्ति, कमजोरी, अवसर और जोखिम का विश्लेषण। |
| PESTLE **विश्लेषण** | आपको प्रभावित कर सकने वाले बाहरी परिवेश जैसे कि राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, तकनीकी, कानूनी और पर्यावरण संबंधी कारकों का विश्लेषण। |
| **सेवा या उत्पाद विश्लेषण** (McKinsey/GE **मैट्रिक्स से रूपांतरित**) | सेवाओं या उत्पादों की समीक्षा ताकि पता लग पाए कि कहाँ ज्यादा या कम समय या धन लगाना चाहिए। |
| **जोखिम विश्लेषण** | पहचाने गए जोखिमों को सूचीबद्ध करने, अंक देने और उनकी प्राथमिकता तय करने में मदद करता है। |

पूर्ण विवरण परिशिष्ट II में उपलब्ध है।

यद्यपि सभी टूल संगठन को बढ़ाने में उपयोगी हो सकते हैं, यह महत्वपूर्ण है कि हर SSO अपनी परिस्थिति के अनुसार सही टूल का चयन करें और, आवश्यकता पड़ने पर, इन सामान्य टूल को अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए संशोधित करें।

बाहरी परिवेश की ओर देखने के रूप में, SSO को अपने देश की स्वास्थ्य परिस्थिति पर विचार करना पड़ेगा, जिसमें यह शामिल है कि क्या स्वास्थ्य सेवा प्रणाली:

**सरकार द्वारा उपलब्ध एक मुफ़्त प्रणाली है** – आपको स्वास्थ्य सेवा के बजाय भावनात्मक सहायता, गृह रूपांतरण हेतु फंडिंग या मार्गदर्शन, और सुविधाएँ प्रदान करना पड़ सकता है।

**मुख्यतः मुफ्त प्रणाली, कुछ व्यक्तिगत/ कर्मचारी योगदान सहित** – आपको परेशान लोगों को व्यक्तिगत/कर्मचारी खर्च पूरा करने संबंधित सलाह, साथ ही साथ प्रणाली द्वारा कवर किए जाने वाले स्ट्रोक संबंधी स्वास्थ्य सेवा खर्च के बारे में और ऐसी किसी कमी के मूल्यांकन के बारे में सलाह देना पड़ सकता है जिसे स्ट्रोक से बचे लोगों को बताना जरूरी हो, जिसे आपको पूरा करना पड़ सकता हो, या जिसके पक्ष में मत तैयार करने की जरूरत हो।

**खर्चों का वहन मुख्य रूप से निजी या रोजगार बीमा द्वारा किया जाता है और बगैर बीमा वाले लोगों को अपनी स्वास्थ्य सेवा के लिए खुद भुगतान करना पड़ता है** – आपको वहन योग्य उपचार मिलने के स्थान के बारे में सलाह देना पड़ सकता है – क्या आपको उपचार प्रदान करने पर विचार करने की जरूरत है? क्या ऐसा करने के लिए कोई योजना स्वीकृत करने की जरूरत है?

**खर्चों का वहन पूरी तरह से निजी या रोजगार बीमा द्वारा किया जाता है और बगैर बीमा वाले लोगों को अपनी स्वास्थ्य सेवा के लिए खुद भुगतान करना पड़ता है** – फिर से, क्या आपको उपचार उपलब्ध करने की जरूरत है या क्या लोगों को वहन योग्य उपचार सेवाओं तक पहुँचा पाएँगे?

**खर्चों का वहन मुख्य रूप से निजी या रोजगार बीमा द्वारा किया जाता है और बगैर बीमा वाले लोगों को अपनी स्वास्थ्य सेवा के लिए खुद भुगतान करना पड़ता है, सिवाय उनके जिनकी आमदनी बहुत कम या बिल्कुल नहीं हो (सरकार द्वारा वहन किए जाते हैं)** – आपको दोनों प्रकार के लोगों के लिए सहायता विकसित करना पड़ेगा, बीमा वाले लोगों के लिए भी और उनके लिए भी जिनके लिए सरकारी प्रावधान है।



आपको यह भी पता लगाना होगा कि क्या आपके देश में रोग के लिए कोई और प्रासंगिक NGOs है। अगर रोग NGO आपके देश में व्यापक रूप से समर्थित नहीं है, तो आप और कहाँ से धन प्राप्त कर पाएँगे? अगर जनता रोग NGO को धन नहीं देती, तो क्या यह इसलिए है कि स्वास्थ्य सेवा पहले ही सरकार, स्वास्थ्य सेवा प्रणाली या निजी क्षेत्र द्वारा प्रदान की जा रही है? क्या स्ट्रोक से संबंधित क्षेत्र में पहले से ही मौजूद NGO कार्य कर रहे हैं? अगर नहीं, तो आपके लिए धन प्राप्त करना आसान हो सकता है। अगर हाँ, तो क्या आप उनके साथ साझेदारी विकसित कर सकते हैं, ताकि कुछ क्षेत्रों में साथ-साथ कार्य कर पाएँ और संसाधन/धन बचा पाएँ?

अगर NGO मॉडल आपके देश में प्रासंगिक है, तो आपको फंडिंग विकल्प भी स्थापित करना पड़ेगी, जिसमें निम्न शामिल हैं:

**साझेदारी, प्रायोजन, निजी संबंध या समझौते के माध्यम से** कॉरपोरेट सहायता – शोध करें कि किन कंपनियों की स्ट्रोक में रुचि है या कौन स्ट्रोक से बचे लोगों के लिए उत्पाद बना रहे हैं। क्या आपके देश में कोई कंपनी आमतौर NGO को दान देती है या उनके साथ साझेदारी करती है?

**अनुदान, ट्रस्ट, विश्वविद्यालय और EU फंडिंग से प्राप्त** आवेदन द्वारा फंडिंग – इन दानकर्ताओं के साथ संबंध बढ़ाएँ, संभावित फंडिंग अवसरों और सहयोग के बारे में पता लगाएँ, नेटवर्किंग कार्यक्रमों में जाएँ।

**राष्ट्रीय फंडिंग संस्था/सरकारी फंडिंग**, किसी ट्रस्ट/अनुदान देने वाली संस्था (गैर सरकारी) से फंडिंग – स्थानीय और राष्ट्रीय सरकारी विभागों से संबंध बनाना आरंभ करें,

**निजी संपर्क** – धन, प्रभावशाली व्यक्तियों और सरकारी अधिकारियों से संबंध बनाना।

**गुप्त दान/उपहार** सामुदायिक कार्यक्रम, विरासत/वसीयत, कर प्रणाली के माध्यम से गुप्त दान समेत।

**सेवाओं के लिए भुगतान** – सदस्यता के लिए शुल्क लेने पर विचार करें, या कोई ऐसी सेवा प्रदान करने पर विचार करें जिसके लिए स्थानीय/राष्ट्रीय सरकार या स्वास्थ्य प्रणाली द्वारा भुगतान हो सके।



## 7.2 हम कहाँ होना चाहते हैं?

कई संगठन इसका वर्णन करने के लिए 'विज़न' और 'मिशन' जैसे शब्दों का उपयोग करते हैं।

**अच्छे विज़न की विशेषताओं में निम्न शामिल हैं:**

- अपने पसंद की विशेषता का वर्णन करें
- आदर्शवादी हो
- 'क्षैतिज-विस्तार' वाले विचारों को दर्शाता हो
- दूसरों को प्रेरित करे
- आसानी से समझा जा सके
- लोगों को बताएँ कि आप किसी उत्कृष्टता मानक के अनुसार प्रदान करना चाहते हैं।

**अच्छे मिशन में निम्न शामिल हैं:**

- स्पष्ट और आसानी से समझा जा सकने वाला
- संक्षिप्त एवं केंद्रित
- यर्थाथवादी और साध्य
- आपकी अपेक्षा के बारे में बताता हो
- लोगों को अगले कुछ वर्षों के उद्देश्यों के बारे में बताता हो।

## 7.3 वहाँ कैसे पहुँचें?

अपने वर्तमान स्थिति से अपने इच्छित स्थिति तक जाने में दो प्रमुख तत्व शामिल हैं – प्राथमिकता और निष्पादन। किस प्रकार प्राथमिकता तय करें अनुभाग 7.4 में और किस प्रकार निष्पादन करें अनुभाग 7.5 में वर्णित है।

## 7.4 किस प्रकार प्राथमिकता तय करें?

'SSO आरंभ करना' अनुभाग का 6.5.6 अनुभाग प्राथमिकता तय करने हेतु एक सरल पद्धति उपलब्ध करता है। किसी विशेष सेवा के लिए विकल्पों पर विचार करने का एक दूसरा तरीका प्रत्येक को करने के लाभ और हानि पर विचार करना है:

- **प्रयोग** – सेवा प्रदान करने के नए तरीकों को आजमाएँ
- **रखरखाव** – सेवा को वैसा ही बनाए रखें जैसा यह अभी है
- **गुणवत्ता सुधारें**– सेवा को बेहतर बनाएँ
- **परिमाण बढ़ाएँ** – कोई सेवा ज्यादा लोगों को प्रदान करें
- **मिश्रित करें** – दो या अधिक सेवा एक साथ प्रदान करें
- **खर्च घटाएँ** – क्या सेवाएँ प्रदान करने के खर्च को कम रखते हुए उसी गुणवत्ता के साथ प्रदान की जा सकती हैं?
- **घटाएँ** – सेवाएँ घटाएँ या बंद करें
- **विस्तृत करें** – अधिक लोगों को या अधिक स्थान में प्रदान करें।



## 7.5 योजनाओं को किस प्रकार क्रियान्वित करें

हेनरी फोर्ड का एक कथन महत्वपूर्ण है – *"कुछ भी खास मुश्किल नहीं है, अगर आप उन्हें छोटे कामों में बांट देते हैं"*. सफल निष्पादन के लिए अच्छे परियोजना प्रबंधन, परिवर्तन प्रबंधन और निष्पादन प्रबंधन के मिश्रण की आवश्यकता होती है। इन प्रबंधन तकनीकों के केंद्र में चार प्रमुख सिद्धांत हैं:

### सिद्धांत 1 - प्रगति मापें

अधिक विवरण अनुभाग 6.5 और 7 में शामिल है लेकिन यह सुनिश्चित करें कि SSO के पास उद्देश्यों, लक्ष्यों और परिणामों के लिए ऐसी योजना है जिसके प्रगति की जाँच की जा सके।

### सिद्धांत 2 - यथार्थवादी रहें

सुनिश्चित करें कि आपके उद्देश्यों, लक्ष्यों और परिणामों की योजना, पहचाने गए लोगों को उनके कार्य करने में लगने वाले समय पर आधारित है। विशेष कर, किसी स्वयंसेवा आधारित संगठन में, किसी व्यक्ति के पास उपलब्ध समय और कुछ कार्यों को पूरा करने में लगने वाले समय के बारे में आशावादी होना आसान है।

### सिद्धांत 3 - प्रगति पर रिपोर्ट

यह सुनिश्चित करें कि आप हर छह महीने अपने SSO के इसके उद्देश्यों, लक्ष्यों और परिणामों के मुकाबले प्रदर्शन की रिपोर्ट दे सकें। आपको मापने के लिए प्रमुख प्रदर्शन संकेतक जैसे माप की आवश्यकता होती है।

### सिद्धांत 4 - परिवर्तन के लिए तैयार रहें

महत्वपूर्ण चीज़ों को बढ़िया से करने पर ध्यान केंद्रित करें और चीजें परिवर्तित करने से न घबराएँ।



## 7.6 प्रमुख समस्या से निपटना

SSO से शोध एकत्र करने के दौरान, हमने पाया कि SSO आरंभ करने या विकसित करने में सबसे बड़ी बाधा वित्तीय सहायता है। अनुभाग 7.6.1 इसे और अनुभाग 7.6.2 से 7.6.5 तक SSO के लिए महत्वपूर्ण अन्य दूसरे कारकों को संबोधित करते हैं।

### 7.6.1 फंडिंग

#### संगठन स्थापित करने के लिए आवश्यक धन आप कहाँ से प्राप्त करने वाले हैं?

**लोग** – आपके कार्य में रुचि रखने वाले – अपने जान पहचान, या अपने स्वयंसेवी, सहयोगी और संपर्कों के पहचान वाले लोगों के साथ शुरूआत करें।
अनुदान संचयन संपर्कों को एक संगठन के साथ एक औपचारिक संपर्क प्रदान करने के लिए "... का मित्र" बनाएँ।
**ट्रस्ट और फाउंडेशन** – संगठनों द्वारा चैरिटी या NGO को दान देने के लिए स्थापित – क्या ये आपके देश में हैं?
**सामुदायिक संगठन, क्लब और सोसाइटी** – उदाहरण के लिए स्पोर्टिंग क्लब या सामुदायिक क्लब जैसे कि रोटेरी क्लब।
**कंपनी** – कंपनियों के लिए यह महत्वपूर्ण होता है कि वे उन समुदायों के लिए मदद करते नजर आएँ जिनके बीच वे कार्य करते हैं। आपके कार्य में रुचि रखने वाली कंपनी आपको आरंभिक धन प्रदान कर सकती है।
**राष्ट्रीय और स्थानीय सरकार** फंडिंग की पेशकश कर सकते हैं।
**संस्थापक सदस्य** – पेशेवर या स्वयंसेवी – दान दे सकते हैं।
**अनुदान संचयन कार्यक्रम या अभियान**, पोस्टर, विज्ञापन, लेटर, टीवी और रेडियो या किसी वेबसाइट पर दान हेतु विज्ञापन।
**बैंक लोन** एक विकल्प हैं, लेकिन आपको पता होना चाहिए आपकी आमदनी कहाँ से होगी ताकि लोन वापस किया जा सके।
दान या फंडिंग देने वालों के बारे में सोचने के साथ-साथ उन सेवाओं, या **सदस्यता शुल्क** के बारे में सोचें जिसके लिए आप शुल्क ले सकते हैं। क्या स्ट्रोक पेशेवरों के लिए कार्यक्रम आयोजित करने से आमदनी होगी? क्या आपके पास मुश्किल घड़ियों में मदद के लिए के संपत्ति या संचय है?
साथ ही, पता लगाएँ कि आप फंडिंग – शोध फंडिंग जैसे कि EU प्रोग्राम (http://ec.europa.eu/research/fp7/), या विभिन्न देशों और संदर्भों में अनुदान संचयन पर मार्गदर्शन (जैसे कि www.philantropia.org) के लिए कहाँ देख सकते हैं।

## आपको फंडिंग और अनुदान संचयन के बारे में स्वयं से निम्न प्रश्न पूछने पड़ेंगे:

1. अगले वर्ष, अगले तीन वर्ष और पाँच वर्ष धन कमाने के लिए आपकी क्या योजनाएँ हैं?
2. इन योजनाओं को पूरा करने के लिए किन संसाधनों की जरूरत है? इन संसाधनों को प्राप्त करने के लिए हम अनुदान संचयन के किन क्षेत्रों पर भरोसा कर रहे हैं?
3. हमारे फंडिंग के लिए समग्र रूपरेखा क्या है और इसमें अनुदान संचयन कहाँ फिट बैठता है?
4. हम कितने प्रकार की आमदनी प्राप्त करते हैं?
5. क्या हम एक प्रकार की आमदनी पर निर्भर हैं या हम अलग-अलग स्रोतों से अनुदान एकत्र करते हैं?
6. हमारे सबसे अधिक भरोसेमंद दाता कौन हैं और हम उनसे कब तक अनुदान पाते रहने की आशा रख सकते हैं?
7. आपके संगठन में दाताओं से अच्छा संबंध बनाए रखने के लिए कौन जिम्मेदार है?
8. हमारे द्वारा प्राप्त कितनी आमदनी प्रतिबंधित और कितनी अप्रतिबंधित हैं (इसका अर्थ है कि दाता खर्च किए जाने वाली राशि पर प्रतिबंध या इसकी सीमा तय कर देते हैं)?
9. कार्यनीति बनाने के दौरान क्या हमारे पास कोई आपात योजना है?
10. अगले एक, तीन और पाँच वर्षों के लिए विभिन्न अनुदान संचयन कार्यक्रमों से आमदनी और उन पर खर्च के आपके क्या अनुमान हैं? ये किन पर आधारित हैं?
11. आरंभ में आपको यह सोचना होगा कि कौन आपके कार्य में रुचि रखते हैं और आर्थिक रूप से योगदान दे सकते हैं। संपर्क और उनके योगदान का एक डेटाबेस तैयार करें - इसमें नाम, पता, टेलीफोन नंबर और ईमेल पता, साथ ही साथ इन लोगों के बारे में जानकारी शामिल करें।

**अपनी वित्त स्थिति सुधारने का एक तरीका 'प्रतिबद्ध दाताओं' की संख्या बढ़ाना है।**

## प्रतिबद्ध अनुदान का प्रचार किस प्रकार करें?

अनेक NGO लोगों से प्राप्त नियमित "प्रतिबद्ध" अनुदान से अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। नगण्य राशि, जिस पर लोग शायद ही ध्यान देते हैं, नियमित रूप से देने के कारण लोगों को यह आसान, सुलभ और वहनीय लगता है। SSO के लिए पूर्वानुमेय वार्षिक आमदनी प्रदान करता है और दाताओं की संख्या में वृद्धि करता है।

अगर आपका SSO प्रतिबद्ध अनुदान आजमाना चाहता है, तो याद रखने वाली प्रमुख बातें निम्न हैं:

1. दाता को प्रत्यक्ष डेबिट के माध्यम से भुगतान करने के लिए कहना एक बड़ी प्रतिबद्धता है, इसलिए छोटी राशियाँ जैसे, £3 या £5 प्रतिमाह की सलाह दें।
2. अपने समर्थकों को नियमित रूप से दान करने के विशिष्ट कारण बताएँ – उनके चुनने के लिए विभिन्न राशि बताएँ और दिखाएँ कि प्रत्येक राशि से कितना भुगतान होगा।
3. निर्णय लें कि आप अपने प्रतिबद्ध दाताओं से किस प्रकार संवाद करेंगे। आप किस प्रकार धन्यवाद कहेंगे? आप उनके विवरण किस तरह संगृहीत करेंगे – क्या आपके देश में अनुसरण हेतु कोई डेटा सुरक्षा कानून है? संबंध स्थापित करने के लिए उन्हें नियमित अपडेट प्रदान करें लेकिन उन्हें अत्यधिक जानकारी न दें।
4. अच्छे वेबसाइट में निवेश करें ताकि आपके ऑनलाइन दान में वृद्धि हो सके। बताएँ कि नियमित अनुदान एक मुश्त अनुदान के मुकाबले ज्यादा प्रभावी क्यों है। भुगतान प्रदाता के बारे में निर्णय लें – उदाहरण के लिए, JustGiving, Charity Checkout, Paypal और Virgin Money सुनिश्चित करें कि उनके पास नियमित अनुदान विकल्प हैं, जिनके साथ आप अपने SSO ब्रांड समेत पेज बना सकें और किसी अग्रिम शुल्क समेत शुल्क खर्च का पता ध्यानपूर्वक लगाएँ।

# अपर्याप्त वित्त पर केस स्टडीज़

### कॉर्पोरेट स्पॉन्सरशिप – इज़राइल

इज़राइल  के लिए, दवा की एक कंपनी द्वारा यूरोप व्यापी सेवा और उच्च रक्तचाप के लिए उनकी नई दवा के विपणन के हिस्से के रूप में संगठन को "अंगीकार" करना एक क्रांतिकारी परिवर्तन था। ऐसा होने से पहले, संगठन को कई परेशानियों का – बगैर वेतन वाले स्वयंसेवकों पर बहुत ज्यादा निर्भर रहते हुए, सामना करना पड़ा। स्पॉन्सरशिप, रोकथाम और लक्षणों हेतु अभियान चलाने के लिए इज़राइल को आर्थिक मदद के माध्यम से था। वे उन आर्थिक मदद को खोज पाने में सक्षम रहे जो उन्हें स्पॉन्सरशिप के खत्म होने के बाद भी लगातार बढ़ने में मदद करेगा। कंपनी ने एक CEO को आर्थिक मदद दी जिसने स्पॉन्सर के यथेष्ट मार्गदर्शन और संपर्क द्वारा धीरे-धीरे संगठन के संसाधनों के निर्माण और अभियानों के प्रचार, पैरवी और अनुदान संचयन विशेषज्ञता विकसित किया। मीडिया विशेषज्ञों और प्रचारकों समेत कुछ संपर्कों ने अपनी सेवाएँ 'निःस्वार्थ' देना जारी रखा। CEO ने संगठन की आचार नीतियों को बनाए रखते हुए दूसरी दवा कंपनियों के साथ भी संबंध विकसित किया। स्पॉन्सरशिप का उपयोग, कौशल और विशेषज्ञता के विकास एवं नई गतिविधियाँ पेश करने, साथ ही साथ अभियानों के लिए आर्थिक मदद देने के अवसर के रूप में अच्छा रहा।

### कॉर्पोरेट स्पॉन्सरशिप – इटली

इटली का एक दवा कंपनी से संबंध है जो AF का पता लगाने वाले एक यंत्र का उत्पादन करती है। इस यंत्र का उपयोग जागरूकता दिवसों पर निवारण गतिविधियों में किया जाता है एवं लोगों को स्ट्रोक के लक्षणों एवं स्ट्रोक जागरूकता की जानकारी देने में सहायता करता है। स्पॉन्सर, जागरूकता विकसित करने और निवारण दिवसों में सहभागिता के परिणामस्वरूप प्रत्येक यंत्र की बिक्री पर संगठन को दान देता है।

### स्थानीय कॉर्पोरेट सहायता – हंगरी

कई SSO की तरह, हंगरी को स्थानीय व्यक्तिगत एवं कंपनी सहायता पाने में मुश्किल हुई, बाहरी राजनीतिक परिवेश से प्रभावित है और संपर्क, कॉर्पोरेट संबंध एवं अनुदान संचयन अनुप्रयोग विकसित करने की क्षमता सीमित है। कॉर्पोरेट स्पॉन्सरशिप के सीमित विकल्पों एवं हंगरी में सीमित चैरिटी अनुदान के कारण, स्वास्थ्य उद्योग के समर्थन पर ध्यान केंद्रित है। यहाँ स्ट्रोक के मामलों को समझा जाता है और मामले की आपसी समझ पर आधारित संबंध को विकसित किया जा सकता है। मल्टीनेशनल कंपनियों की बजाय कुछ छोटे स्थानीय कंपनियों पर ध्यान केंद्रित किया गया और यह लाभदायक साबित हुआ।

## वस्तुओं या सेवाओं की बिक्री – जापान, मलेशिया, स्वीडन एवं फ़िनलैंड

लोगों से प्राप्त अनुदान के अतिरिक्त, मलेशिया में स्वास्थ्यलाभ कार्यक्रम में शामिल होने वाले सदस्यों को आर्थिक योगदान करने के लिए कहा जाएगा। स्वीडन ने इसे उनके परिचालन लागत के एक भाग को पूरा करते हुए पाया।

जापान ने पाया कि वस्तुओं की बिक्री, उदाहरण के लिए कैलेंडर, उनके पास समर्थकों और लोगों के धन को लाया।

फिनलैंड और स्वीडन ने पाया कि उन्हें ऐसी सेवाओं के विकास की जरूरत है जिससे वास्तविक आमदनी हो, उदाहरण के लिए दवा कंपनियों को सलाह देना या स्ट्रोक से बचे हुए लोगों के लिए सेवाएँ प्रदान करना जो सार्वजनिक संस्थाओं द्वारा दी जानी चाहिए लेकिन उनके पास विशेषज्ञता नहीं है।

## सरकारी या प्राधिकरण फंडिंग – कनाडा

कनाडा का स्ट्रोक नेटवर्क, कनाडा के उत्कृष्टता कार्यक्रम केन्द्र के सरकारी नेटवर्क के माध्यम से स्थापित हुआ, जो उन क्षेत्रों में CSN के कार्यों को सहायता की पहल की कोशिश करता है जहाँ इसकी आवश्यकता स्पष्ट है।

फिनलैंड, स्लोवेनिया और स्वीडन में SSO के कार्य को जारी रखने के लिए सरकारी अनुदान का अमूल्य होना साबित हुआ।





## सदस्यता योजनाएं

अपने समर्थकों को किसी सदस्यता योजना में शामिल होने का विकल्प देना भी आय के नियमित वर्षिक स्रोत को सुनिश्चित करने एवं उनके साथ संबंधों के निर्माण का एक उत्तम तरीका है। अगर आप सोचते हैं कि आपके SSO के लिए सदस्यता संगठन बनाना अच्छा रहेगा, तो आपको एक संविधान लिखने की आवश्यकता होगी। परिशिष्ट III में, सामान्य संविधान के प्रतिरूप का उदाहरण है।

एक सफल सदस्यता संगठन बनाने के लिए भर्ती और प्रतिधारण ही बहुत कुछ है।

### भर्ती

1. डेटाबेस पर अपने सदस्यों के ऊपर नजर रखें।
2. अपने मौजूदा सदस्यों से उनके अपने मित्रों को जुड़ने हेतु आग्रह करने के लिए करें।
3. अन्य प्रासंगिक संगठनों से सूची की अदला-बदली करें, लेकिन अपने देश के ऐसे डेटा संरक्षण नियमों से परिचित रहें जो आपको ऐसा करने से रोक सकते हों।
4. प्रासंगिक प्रकाशनों में विज्ञापन या प्रचार जारी करें।
5. अपने वेबसाइट पर सदस्यता और उसके लाभ के बारे में एक पृष्ठ बनाएँ।
6. प्रयास करें और स्थानीय प्रचार पाएँ।

### प्रतिधारण

1. उनके शामिल होते समय एक प्रतिधारण कार्यक्रम आरंभ करें – एक स्वागत ईमेल या पत्र एवं सदस्यता पैक भेजें।
2. उनके शामिल होने के 2 महीने बाद टेलीफ़ोन या ईमेल द्वारा उनसे संपर्क करें और उनके शामिल होने के लगभग 6 महीने बाद एक नया सदस्य सर्वेक्षण कार्यान्वित करें।
3. उनके पहली बार भुगतान वाले कार्यक्रम में हिस्सा लेने पर विशेष छूट की पेशकश दें।
4. एक प्रत्यक्ष डेबिट योजना आरंभ करें, क्योंकि प्रत्यक्ष डेबिट से भुगतान करने वालों द्वारा सदस्यता निरस्त करने की संभावना बहुत कम होती है।

## स्ट्रोक एकता चिह्न

स्ट्रोक एकता चिह्न पूरी दुनिया में पहचान बढ़ाने के लिए विकसित किया गया था। रोकथाम, उपचार और दीर्घकालिक उच्च गुणवत्ता देखभाल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी अंतर्राष्ट्रीय स्ट्रोक एकता जागरूकता चिह्न, स्ट्रोक एकता श्रृंखला द्वारा प्रदर्शित होती है। ऐसा चिह्न वैश्विक पैमाने पर जागरूकता बढ़ा सकता है। यह वैश्विक समस्या के लिए वैश्विक चिह्न है और यह लोगों को वैश्विक आंदोलन का हिस्सा बनने में मदद करता है। राष्ट्रीय और सोशल मीडिया का उपयोग करके चिह्न लॉन्च किया जाएगा। सेलेब्रिटी एंबेसडर श्रृंखला के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद करेंगे। प्रभावी कॉर्पोरेट भागीदारी और रिटेलर्स का चयन चिह्न को लोगों तक पहुंचाने में मदद करेगा, जिससे जागरूकता और अनुदान संचयन में वृद्धि होगी। लोग श्रृंखला को ऑनलाइन या कार्यक्रमों में खरीद पाएँगे। स्ट्रोक एकता श्रृंखला, बचे लोगों को क्षेत्रीय, राष्ट्रीय, और अंतर्राष्ट्रीय रूप से मदद कर पाएँगे क्योंकि:

- यह वैश्विक रूप से पहचाने जाने योग्य चिह्न है
- यह स्ट्रोक और स्ट्रोक से बचे लोगों के लिए जागरूकता बढ़ाएगा
- यह स्ट्रोक आंदोलन बनाने में मदद करेगा
- यह लोगों को बताता है कि स्ट्रोक पर कार्रवाई करना जरूरी है

यह चिह्न किसी SSO के लिए आमदनी का स्रोत भी है। स्ट्रोक एसोसिएशन यूके, WSO से कंगन बेचने का लाइसेंस प्राप्त करने के बाद एक साल में पूरे यूके और यूरोप में 50,000 कंगन बेचने का लक्ष्य रखता है।

## विशिष्ट अनुदान संचयन – यूके

एसोसिएशन के लिए विरासत की महत्ता के बारे में लक्षित अभियान के बाद, यूके ने उल्लेखनीय ढंग से विरासत आय को बढ़ाया, और विरासत आय अब संपूर्ण आय की 36% हो गई है।

यूके में निजी लोगों के दान का तीसरा भाग वसीयत से प्राप्त होता है। स्ट्रोक एसोसिएशन ने विरासत को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम में निवेश किया जो कि लोगों को सामान्य वसीयत बनाने के लाभ के बारे में सलाह देता है, सुनिश्चित करता है कि लोग अपने परिवार के लिए प्रावधान रखें और वसीयत में किसी चैरिटी हेतु उपहार छोड़ने पर टैक्स में लाभ के बारे में सलाह देता है। यह सलाह वेबसाइट पर और बुजुर्गों हेतु प्रदर्शनियों (उदाहरण के लिए सेवानिवृत्ति कार्यक्रम) में प्रचारित होते हैं। स्ट्रोक एसोसिएशन 55 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए "मुफ़्त वसीयत" योजना पेश करता है जिसमें वकीलों द्वारा अनुशंसित लोगों के लिए वसीयत लिखवाने के खर्च का वहन करता है। यह अनुशंसा करता है कि योजना का लाभ उठाने वाले लोग अपने वसीयत में एसोसिएशन को उपहार देने पर विचार करें और अधिकतर लोग ऐसा ही करते हैं। स्ट्रोक एसोसिएशन यूके संभवतः लंबे समय तक धन प्राप्त न कर पाए। ज्ञात विरासत वसीयतों की संख्या दर्ज की जाती हैं और छह वर्षों में 200 से बढ़ कर 2000 से अधिक हो गई है।

लोग जिन्होंने अपने परिवार के सदस्य या मित्र को स्ट्रोक के कारण खोया है, वे अकसर मृत व्यक्ति के सम्मान स्वरूप एसोसिएशन को दान देकर सहायता करना चाहते हैं। स्ट्रोक एसोसिएशन यूके लोगों को गुजर गए व्यक्तियों की याद में यादगार फंड बनाने का अवसर प्रदान करता है। एक वेबपेज बनाया जाता है जिसमें मृत व्यक्ति के बारे में बातें होती हैं और जो एकत्रित धन को दर्ज करता है। मित्र और परिवार के सदस्य लक्ष्य तय कर सकते हैं और विशिष्ट बरसियों पर धन इकट्ठा करना जारी रख सकते हैं। कुल इकट्ठा धन और दान देखना प्रेरक हो सकता है।

## 7.6.2 स्वयंसेवी

### 7.6.2.1 स्वयंसेवियों को खोजना

श्रेष्ठ स्वयंसेवियों की भर्ती दूसरों को प्रेरित करने और आपकी आमदनी बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। आपके पास अपने कार्य में स्वयंसेवियों को कहाँ और कैसे शामिल करने के बारे में स्पष्ट योजना होनी चाहिए। सभी के लिए स्वयंसेवी भर्ती के लिए एक नीति और प्रक्रिया होनी चाहिए। इसके लिए वेबसाइट जैसे किसी टूल का उपयोग करें, और सभी कर्मचारी के उपयोग के लिए एक हैंडबुक और एप्लिकेशन फॉर्म तैयार रखें। शिक्षाप्रद होने का अर्थ है कि आप अपने स्वयंसेवियों से तेजी कार्य आरंभ करा सकते हैं।

स्वयंसेवियों द्वारा आपके लिए स्वयंसेवा के कारणों को समझें – एक कार्यकुशल प्रक्रिया का अर्थ है कि आप स्वयंसेवी की रुचि को बनाए रख पाएँगे। आरंभिक संपर्क, आवेदन संसाधन, भूमिका की खोज, प्रासंगिक जाँच और परिचय यथासंभव तेज होना चाहिए ताकि स्वयंसेवी की दिलचस्पी न चली जाए। प्रक्रिया के समर्थन और स्वयंसेवियों की संख्या बढ़ाने में बाधाओं की संख्या घटाने के लिए किसी स्वयंसेवी प्रबंधक को आजमाएँ।



**केस स्टडी:**

**दूसरों को चुनने के लिए स्वयंसेवियों का उपयोग – स्लोवेनिया**

**स्लोवेनिया** ने पाया कि SSO उनके देश में एक नई अवधारणा थी, और SSO की सेवाएँ लेने से कलंक जुड़ा था। प्रेरित लोगों के साथ और पहले से ही सेवाओं का उपयोग कर रहे लोगों के साथ कार्य आरंभ करने ने और प्रतिभागियों को, विशेष कर उन लोगों को जिन्हें सहायता मांगने में परेशानी होती थी, आमंत्रित करने के लिए प्रोत्साहन का काम किया।

**सहायता का प्रस्ताव – इज़राइल**

**इज़राइल के स्ट्रोक से बचे स्वयंसेवी को कहा गया कि:**

- कई सोशल क्लब बनाएँ और उन्हें सहायता देना जारी रखें। इससे धन की बचत हुई और स्वयंसेवियों को बहुत संतुष्टि मिली।
- पत्रिका सामग्री संपादित करें और लिखें।
- कुछ प्रशिक्षण के बाद टेलीफोन सेवा को किए जाने वाले कॉल का उत्तर देने में सहायता करें। आरंभ में, इस बात की आशा की गई थी कि अधिकतर रेफरल का जवाब प्रशिक्षित स्वयंसेवियों द्वारा दिया जाएगा।
- स्ट्रोक शोध और तकनीक के बारे में जागरूकता और नवीनतम प्रगति पर सार्वजनिक लेक्चर में, पेशेवर स्ट्रोक विशेषज्ञ के अतिरिक्त, हाजिर रहें।
- नीति निर्धारण में सहायता करें।

याद रखें कि यदि आप स्वयंसेवी पर अपने किसी सेवा के लिए भरोसा कर रहे हैं, तो आपके SSO को उन्हें सहायता प्रदान करने, खर्चों का वहन करने और निरंतर सहायता एवं परामर्श देने में सक्षम होना चाहिए।

## 7.6.2.2 स्वयंसेवियों का चयन

आपके SSO को स्ट्रोक से प्रभावित लोगों को और सारे आयु वर्ग को आकर्षित करने के लिए यथासंभव स्थानों पर स्वयंसेवा अवसर का प्रचार करना चाहिए ताकि, नए स्वयंसेवकों में विविधता और उनकी संख्या बढ़े और विभिन्न प्रकार की भूमिकाओं, कौशल और पेशेवर पृष्ठभूमि को बढ़ावा मिले। यह सुनिश्चित करेगा कि आपके पास चुनने के लिए बहुत स्वयंसेवी हो। यह याद रखना महत्वपूर्ण होगा कि आप वैतनिक भूमिका के लिए भर्ती नहीं कर रहे हैं – आप किसी के समय, कौशल और उत्साह की खोज कर रहे हैं जो ये चीजें दे सकता हो।

कुछ भूमिकाओं के लिए आप वैसे किसी स्वयंसेवी की खोज कर सकते हैं जिनके पास कोई खास कौशल हो या जिन्होंने पूर्व में कोई खास भूमिका निभाई हो – व्यक्ति के सीखने की तत्परता बहुत महत्वपूर्ण है। आप यह निर्णय ले सकते हैं कि व्यक्ति के पास सारा कौशल नहीं है, लेकिन वह सीखना चाहता है। स्वयंसेवी एजेंसियों, ऑनलाइन भर्ती, स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों, कॉलेज एवं यूनीवर्सिटी और अन्य सामुदायिक संगठनों के साथ भागीदारी का उपयोग करें। सभी स्वयंसेवी आपके SSO को लाभ पहुँचा सकते हैं इसलिए स्वयंसेवी हेतु स्थान खोजने के मामले में लचीला रवैया अपनाएँ। अधिक मांगने से न घबराएँ – स्वयंसेवक अपनी मुख्य भूमिका के अलावा दान, अनुदान संचयन, अभियान, सहायता कार्यक्रम में खुशी से भाग ले सकते हैं।

## 7.6.2.3 स्वयंसेवियों का प्रबंधन

स्वयंसेवियों को समर्थन देना बहुत महत्वपूर्ण है। स्पष्ट स्वयंसेवा नीति रखें जो स्वयंसेवी और उनके प्रबंधक दोनों के लिए समर्थन दिखाता है। स्वयंसेवकों को निम्न तक पहुँच प्रदान करना चाहिए; प्रशिक्षण, समीक्षा, सुरक्षा पर जानकारी, नए अवसर, व्यय और शिकायत प्रक्रिया। स्वयंसेवियों को पुरस्कृत करने के बारे में स्पष्ट रहें ताकि भविष्य में उनका समर्थन सुनिश्चित किया जा सके। मुश्किल समय में आपकी स्वयंसेवियों से मांग बढ़ सकती है, लेकिन आपको नियमित रूप से स्वयंसेवियों के योगदान को मान्यता देने के लिए तैयार रहना चाहिए। सोशल मीडिया धन्यवाद कहने का एक बढ़िया तरीका है। स्वयंसेवियों के लिए एक फ़ोरम बनाने से, जिससे वे आपस में ऑनलाइन, प्रशिक्षण कार्यक्रम या स्वयंसेवी पुरस्कार समारोह में आपस में बातचीत कर सके, उनकी निष्ठा में बढ़ोतरी होगी। अपने न्यूज़लेटर में स्वयंसेवियों की बातें बताएँ, और नियमित मीटिंग के माध्यम से स्वयंसेवियों को कार्यकलाप और कार्यनीति प्रभावित करने दें। यह सब उन्हें आपके संगठन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा महसूस कराएगा।



### 7.6.3 संगठनात्मक स्वरूप एवं संचालन

आपके SSO का पर्यवेक्षण और प्रबंधन स्वयंसेवियों और/या कर्मचारियों के विभिन्न सम्मिश्रण के माध्यम से किया जा सकता है। नीचे संभावित संगठनात्मक स्वरूप के कुछ उदाहरण दिए गए हैं:

**साझा निर्णय/वोटिंग प्रणाली** – आपके पास एक व्यवस्था होनी चाहिए जिसमें इस बात का वर्णन हो कि आप किस प्रकार शासित होंगे, जिसमें निर्णय सभी कर्मचारी, स्वयंसेवक या दोनों के सम्मिश्रण वाली वोटिंग प्रणाली के माध्यम से लिया जाए।

**एक निर्णायक समिति का चयन** मौजूदा कर्मचारी और स्वयंसेवकों से किया जा सकता है।

**एक CEO या प्रेसीडेंट** जो निदेशकों या प्रबंधकों के समूह द्वारा समर्थित हों और शेयरधारक मंडली या अवैतनिक ट्रस्टी को रिपोर्ट करते हों।

**शेयरधारकों को रिपोर्ट करने वाले** निदेशकों की समिति।

**राष्ट्रीय या प्रादेशिक कमिटी की एक श्रृंखला**, जिसमें प्रतिनिधियों को वोट देकर निर्णायक स्थानों पर भेजा जाता हो।

**राष्ट्रीय और स्थानीय उप कमिटी**, जिसमें सब स्वयंसेवी हों।

आप जिस भी स्वरूप का चयन करें, आपको इस बारे में विचार करना पड़ेगा कि संगठन का संचालन करने वाले लोगों के निर्णयों की जाँच कैसे होगी। क्या कोई बोर्ड या ट्रस्टी, स्वयंसेवी या शेयरधारक संगठन के परिचालन पर नजर रखेंगे? एक मॉडल व्यवस्था का उदाहरण परिशिष्ट III में पाया जा सकता है।

आपको पहले अपने संगठन को औपचारिक तौर पर गठित करना होगा और इसे पंजीकृत करना होगा। आपके देश में संगठन गठित करने के कई तरीके हो सकते हैं।

NGO एक सोसाइटी या एसोसिएशन के रूप में गठित होते हैं और किसी राष्ट्रीय सरकारी विभाग या ब्यूरो द्वारा पंजीकृत होते हैं।

स्थानीय सरकारी विभाग या ब्यूरो द्वारा पंजीकरण।

किसी राष्ट्रीय समिति या संचालन संस्था से पंजीकरण, उदाहरणार्थ, इंगलैंड एंड वेल्स में चैरिटी कमीशन।

किसी राष्ट्रीय सरकारी विभाग द्वारा पंजीकरण जिसमें हर साल पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए डेटा की आवश्यकता होती है।

एक कंपनी के रूप में स्थापना करें।

**आप किस प्रकार के संगठन होंगे?**
विचार करने योग्य कुछ बातें निम्न हैं:

क्या आपको एक कंपनी या चैरिटी के रूप में स्थापित करने की जरूरत है?
क्या आपके देश में संगठन या समूह गठित करने पर कोई प्रतिबंध है?
क्या आपने उन सारे तरीकों का पता लगा लिया है जिसके अंतर्गत आप कर छूट या डिस्काउंट के पात्र हो सकते हैं? क्या इसके लिए आपको वार्षिक कागजी कार्रवाई पूरी करनी होगी – आपको क्या रिकार्ड उपलब्ध कराने होंगे?

## 7.6.4 अभियान एवं प्रभावित करना

अगर आप अपने कार्यकलाप के रूप में नीति को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं, तो आप यह विचार करना पड़ेगा कि सर्वाधिक प्रभाव कैसे छोड़ें, साथ ही साथ आपको ध्यान केंद्रित करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में निर्णय लेना पड़ेगा।

### आप अपने अभियान के बारे में किस प्रकार निर्णय लेंगे?

ये निर्णय महत्वपूर्ण लोगों के परामर्श जैसे कि कर्मचारी, जनता, स्वयंसेवी या स्ट्रोक से बचे लोग और देखभालकर्ताओं के सर्वेक्षण द्वारा लिए जा सकते हैं। आप शोध परिणामों के आधार पर अपने अभियान के बारे में निर्णय ले सकते हैं, या अपने दूसरे कार्यकलापों और कार्यक्रमों से जुड़ी दूसरी चीजों का चयन कर सकते हैं। सरकारी निर्देश या नीति आपके अभियान को प्रभावित कर सकते हैं, जैसा आपके किसी प्रायोजक या कॉर्पोरेट भागीदार के प्रभाव के कारण हो सकता है।

### अभियान चलाना

स्वयं से पूछें "क्या मुझे अभी इस मुद्दे पर अभियान चलाने की जरूरत है?". कभी-कभी केवल सही व्यक्ति से सही समय पर कहने से परिवर्तन हो जाएगा।
आप क्या परिवर्तन देखना चाहते हैं? एक प्रेरक और स्पष्ट आह्वान विकसित करें जो कहता हो कि क्यों आपका समाधान सफल रहेगा।
अभियान को स्ट्रोक से बचे वास्तविक लोगों के जीवन और उनके द्वारा सामना किए जाने वाली बाधाएँ प्रदर्शित करना चाहिए।

### आपके अभियान संबंधित महत्वपूर्ण निर्णयों में निम्न शामिल हैं:

**क्या ध्यान** बड़े पैमाने वाले राष्ट्रीय अभियान या छोटे स्थानीय अभियानों पर होगा?
**क्या आपका ध्यान प्राथमिक या गौण रोकथाम पर होगा?**
**आपके अभियान का वांछित परिणाम क्या है** – कानूनों में परिवर्तन, सेवाओं में परिवर्तन?

**अगर आप अभियान विकसित न कर पा रहे हों, तो बड़े अभियानों के क्या विकल्प मौजूद हैं** – शायद आप किसी कार्यक्रम में उपस्थिति पा सकें, विश्व या यूरोपीय स्ट्रोक दिवस का उपयोग अपने कार्यकलापों के प्रचार के लिए कर सकें, या खुद अपना राष्ट्रीय जागरूकता सप्ताह आयोजित कर सकें।

### कोई आरंभ करने के दौरान निम्न के बारे में विचार करें:

पता लगाएँ कि निर्णय कौन लेता है और कौन निर्णय लेने वाले व्यक्तियों को प्रभावित करता है। योजना बनाएँ कि आप दोनों समूहों से किस प्रकार बात करेंगे।
निर्णय लेने वाले और प्रभावित करने वाले अकसर बहुत व्यस्त होते हैं। जब आप उनसे मिलें तो आपके पास समस्या बताने के लिए और आप क्या चाहते हैं, बताने के लिए 30 सेकंड की कहानी होनी चाहिए। स्पष्ट और सरल रहें।
अपने अभियान में मीडिया को शामिल करना बहुत उपयोगी हो सकता है।
अभियान के कार्यों की नियमित समीक्षा करना याद रखें।

## अभियान चलाना एवं प्रभावित करना

### स्ट्रोक रोकथाम – जापान

जापान ने स्ट्रोक रोकथाम अभियान चलाने का निर्णय लिया, जिसमें नागरिकों के लिए संगोष्ठी, स्ट्रोक जागरूकता सप्ताह पोस्टर, टीवी कार्यक्रम में फीचर्स थे। 'ब्रेन अटैक' अभियान ने टीवी और रेडियो का उपयोग किया तथा टोक्यो के रेलवे स्टेशनों में पोस्टर भी लगाया। स्ट्रोक से बचे लोगों और उनके परिवार के लिए एक केंद्रित गौण रोकथाम अभियान चलाया गया, जिसमें श्रोताओं से संवाद करने के लिए संगोष्ठी का उपयोग किया गया।

### कार्यकलाप की केंद्रित अवधि – न्यूज़ीलैंड एवं यूके

अपने सारे प्रयासों को एक या दो जगहों में रखें जो सचमुच आपके आंदोलन का प्रचार करते हों – न्यूज़ीलैंड की तरह, जिन्होंने एक राष्ट्रीय रक्तचाप जागरूकता सप्ताह और वार्षिक स्ट्रोक जागरूकता सप्ताह स्थापित किया।

यूके ने हाल ही में स्ट्रोक मास में कार्रवाई आरंभ किया – हर साल मई, जो स्ट्रोक से बचे लोगों के बीच संगठन द्वारा पेशकश किए जाने वाली सहायता साथ ही साथ लोगों को अनुदान संचयन तथा अभियान समर्थन के लिए कहने हेतु बढ़ती जागरूकता का महीना है, में होने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम। पूरे यूके के स्वयंसेवियों, समर्थकों और कर्मचारियों को जागरूकता दिवस मना कर और अनुदान संचयन कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर कार्यक्रम का प्रचार करने के लिए कहा गया। कार्यक्रम के दौरान चालू अभियानों का प्रचार किया जाता है।

### स्ट्रोक दिवस – इज़राइल एवं स्वीडन

इज़राइल को, अनेक SSO की तरह, अपने कार्य के बारे में बताने में, स्ट्रोक से बचे लोगों को अपनी सेवाएँ लेने के लिए प्रोत्साहित करने में और उन सभी सेवाओं और बचे लोगों तक पहुँचने में जिन्हें उनके कार्य से लाभ हो सकता था, मुश्किल हुई। विश्व स्ट्रोक दिवस अभियान को इन लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने का एक तरीका के रूप में पहचाना गया, और इज़राइल ने जो अभियान तैयार किया उसे WSD प्रतियोगिता में दूसरा पुरस्कार मिला।

विश्व स्ट्रोक दिवस स्वीडन के सभी 67 एसोसिएशन ने लोगों को स्ट्रोक के बारे जागरूक करने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने लोगों से स्ट्रोक के लक्षणों की पहचान के तरीकों के बारे में, FAST पद्धति के बारे में, यथाशीघ्र एंबुलेंस बुलाने की महत्ता के बारे में बातचीत की। उन्होंने TIA और जोखिम कारकों और स्वस्थ जीवन शैली के बारे में जानकारी प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया। कुछ प्रदेशों में लोगों के लिए सेमिनार आयोजित किए गए। उन्होंने अखबारों में लेख और इंटरनेट चैट भी आयोजित किए।



### अपना 'ब्रांड' विकसित करें – यूके

आपको अपने ब्रांड को विशिष्ट दिखाने की जरूरत है। यादगार नारों का उपयोग करें और चीजों को सरल तथा समझने योग्य बनाए रखें। याद रखें, लोगों के लिए स्ट्रोक को याद रखना मुश्किल हो सकता है।

यूके ने पाया कि उनका लोगो और ब्रांड लोगों को उनके कार्य के बारे में प्रभावी ढंग से बताने में असफल था – अकसर लोगों को लगता था कि वे स्वास्थ्य सेवाओं का हिस्सा हैं क्योंकि एक ही रंग का उपयोग हो रहा था, इससे अनुदान संचयन में बाधा उत्पन्न हो रही थी। स्ट्रोक एसोसिएशन ने नए ब्रांड और शैली पर धन निवेश किया जो ज्यादा विशिष्ट और रोमांचक था और चैरिटी की तरह ज्यादा दिखता था (नीचे देखें)।

### साझेदारी प्रचालन – ऑस्ट्रेलिया, जापान एवं इटली

रोग या स्वास्थ्य संगठनों समेत NGO को अनुदान देने के बारे में लोगों में जागरूकता जगाने के लिए दूसरे NGO के साथ साझेदारी में करें। समान जरूरत वाले रोग संगठन, विशेष कर गैर-संक्रमण रोग संगठनों के साथ गठबंधन बनाने का प्रयास करें।

ऑस्ट्रेलिया, ने अपने बहुत सारे कार्यों में साझेदारी का प्रयोग किया है। ऑस्ट्रेलियाई स्ट्रोक गठबंधन, फाउंडेशन एंड स्ट्रोक सोसाइटी ऑफ ऑस्ट्रेलेशिया द्वारा 2008 में स्थापित, स्ट्रोक के क्षेत्र में काम करने वाले समूह और संगठन, जैसे कि पेशेवरों और पेशेवर संगठनों के एसोसिएशन को एक साथ लाता है। यह गठबंधन, प्राथमिकता के आधार पर स्ट्रोक देखभाल, डुप्लिकेट कार्य में कमी और स्ट्रोक देखभाल हेतु आवाज बुलंद करने के लिए कार्य करता है। ऑस्ट्रेलिया, दीर्घकालिक रोगों के रोकथाम के लिए सारे रोगों के जोखिम कारकों – कुपोषण, शारीरिक निष्क्रियता और स्थूलता – पर ध्यान केंद्रित करके एक साथ कार्य करने वाले पाँच स्वास्थ्य NGO का गठबंधन, ऑस्ट्रेलियाई दीर्घकालिक रोग रोकथाम, का हिस्सा भी है। यह राष्ट्रीय नाड़ी रोग रोकथाम गठबंधन का हिस्सा भी है। हार्ट फाउंडेशन, डायबिटीज ऑस्ट्रेलिया और किडनी हल्द ऑस्ट्रेलिया के साथ मिल कर प्रभावित लोगों में नाड़ी जोखिम कम करने का कार्य कर रहा है, नीति परिवर्तन हेतु मार्गदर्शन विकसित करके और अभियान चला करके। इज़राइल रोगी अधिकार संगठन के पहल पर, दीर्घकालिक रोगों के लिए कार्य करने वाले NGO द्वारा जनमत तैयार करने वाले संगठन का हिस्सा है। वे रोगी सहायता समूहों के प्रतिनिधियों के रूप में न्यू इज़राइल ब्रेन काउंसिल के बोर्ड में सक्रिय भूमिका अदा करते हैं।

जापान ने स्थानीय सरकार और मेडिकल एसोसिएशन के सहयोग से जागरूकता अभियान तैयार किया। इटली भविष्य में अपने कार्य का प्रचार करने के लिए, विशेषकर युवा लोगों के बीच, सेलेब्रिटी का उपयोग करने की योजना बना रही है।

# हम स्ट्रोक के बाद की जिंदगी के लिए हैं

## 7.6.5 मूल्यांकन एवं निरंतरता

किसी भी स्थापित SSO के लिए 2 सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह जानना कि आप जो कर रहे हैं, वह प्रभावी और संवहनीय है।

### 7.6.5.1 मूल्यांकन

**जब तक आपके SSO के पास माप और मूल्यांकन प्रणाली न हो, आपके SSO के लिए निम्न कार्यों में और मुश्किल होगी:**

- समय और खर्च सीमा के अंदर रहना और महत्वपूर्ण चीजों पर ध्यान केंद्रित करना।;
- लोगों को प्रेरित और प्रयासों को केंद्रित करने के लिए योजना के मुकाबले कार्यप्रदर्शन का प्रमाण देना;
- चीजों के योजनानुसार न होने पर दोषनिवारक कार्रवाई के बारे में निर्णय लेना;
- आपके SSO को प्रभावित करने वाले परिवर्तनों के बारे में लचीला रवैया अपनाना।

सरल शब्दों में, आपके SSO को पता होना चाहिए कि अगले 12 महीनों में आप जो उद्देश्य, लक्ष्य और परिणाम चाह रहे हैं, उनके मुकाबले आप कैसा काम कर रहे हैं।

### 7.6.5.2 निरंतरता

**आपके SSO को जो चीजें संवहनीय बनाएँगी वे अन्य संगठनों से अलग हैं, और इनमें निम्न शामिल हैं:**

- स्पष्ट मिशन का होना;
- निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के साथ अच्छे संबंध होना;
- प्रतिबद्ध सदस्य, स्वयंसेवी और दाता;
- लचीला एवं परिवर्तन योग्य होना;
- स्पष्ट, यथार्थवादी योजना, कार्यनीति;
- आपके सभी खर्चों का वहन करने वाले आर्थिक संसाधन;
- प्रतिबद्ध और कुशल कर्मचारी तथा उच्च गुणवत्ता वाले कार्य;
- मजबूत नेतृत्व;
- संगठन को मदद करने वाला कानूनी, राजनीतिक और सामाजिक परिवेश।

साल में कम से कम एक बार, आपके SSO को स्वयं को ऊपर वर्णित बिंदुओं के मुकाबले आँकना चाहिए।



# 8 अन्य केस स्टडीज़

इस अनुभाग में, हमने उन केस स्टडीज़ को शामिल किया है जो एक से अधिक विषयों के बारे में बात करते हैं या किसी देश को एक पूर्ण इकाई के तौर पर देखते हैं।

## 8.1 सही कौशल वाले कर्मचारी तैयार करना

**ब्राजील** अनुदान संचयन और संसाधन खोज के बारे में ज्ञान रखने वाले वैतनिक कर्मचारियों की जरूरत को पहचाना, और पाया कि इन पेशेवरों को खोजना बहुत मुश्किल है और ये बहुत खर्चीले हैं। ब्राजील में NGO और कर प्रणाली संबंधित कानून हैं (NGO कम कर देते हैं) और SSO को इसका ज्ञान रखने वाले कर्मचारी की जरूरत थी। दूसरी भाषाएँ, विशेषकर अंग्रेजी, बोल सकने वाले कर्मचारी की जरूरत विदेशों में संपर्क और संबंध बनाने के लिए थी। कानूनों और स्ट्रोक के बारे में विशिष्ट समझ विकसित करने से सभी SSO को फायदा होगा।

## 8.2 कानूनी समस्याएँ

स्ट्रोक से बचे लोगों तक पहुँचने में बाधा हो सकती है, जैसे कि कानूनी या डेटा संरक्षण बाधाएँ जो हॉस्पीटल या चिकित्सकों द्वारा सेवा उपयोगकर्ताओं को आप तक भेजने से रोकते हों। इन बाधाओं और आपको प्रभावित करने वाले कानूनों के बारे में जाने ताकि आप इन बाधाओं को पार करने की योजना बना सकें।

## 8.3 सेवा उपयोगकर्ता प्रतिनिधित्व

**जर्मनी** ने सुनिश्चित किया कि बोर्ड ऑफ ट्रस्टी में स्ट्रोक से बचे लोगों का प्रतिनिधित्व हो।

**स्वीडन** – संगठन की सभी में सदस्य बोर्ड और इसके चेयरमेन का चुनाव करते हैं। इस मीटिंग में स्ट्रोक से बचे लोगों की सलाहों पर विचार किया जाता है।

**न्यूजीलैंड** स्ट्रोक फाउंडेशन वर्तमान में सदस्यता आधारित संगठन है – सेवा उपयोगकर्ताओं समेत सभी के लिए सदस्यता, वोटिंग अधिकार शामिल।

**फिनलैंड** के लिए, सदस्य मुख्यतः स्ट्रोक से बचे लोग और उनके परिवार के सदस्य हैं और संगठन के संचालन समिति में उनका प्रतिनिधित्व है।



## 8.4 स्ट्रोक से बचे लोगों से परामर्श

**यूके** में, कॉर्पोरेट कार्यनीति के अंतर्गत स्ट्रोक से बचे लोगों के साथ विचार विमर्श किया गया। उपयोगकर्ताओं की सहभागिता कार्य में रीडर पैनल शामिल है, जो स्ट्रोक में रुचि रखने वालों को प्रकाशन पर टिप्पणी करने का तरीका प्रदान करता है।

**ऑस्ट्रेलिया** यह महसूस करता है कि उपभोक्ताओं का प्रभाव संगठन की दिशा और सेवा सुपुर्दगी दोनों पर बढ़ रहा है। निदेशकों के राष्ट्रीय बोर्ड में उपभोक्ताओं के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले निदेशकों के लिए दो पद आरक्षित हैं। इस हैसियत से संगठन की कार्यनीतियों पर उनका प्रभाव होता है। इसके अतिरिक्त हाल ही में एक उपभोक्ता परिषद, बोर्ड के लिए एक उप-समिति स्थापित की गई है। इस भूमिका में उपभोक्ता, संगठन के सिफारिश कार्य में इनपुट देते हैं। इसके अतिरिक्त उपभोक्ताओं की देखभाल पर केंद्रित, उनको प्रभावित करने वाली सभी सेवाएं, सलाहकार समूहों के माध्यम से उपभोक्ताओं के इनपुट द्वारा बनाई जाती है।

**इज़राइल** में, अध्यक्ष जो अग्रणी स्ट्रोक विशेषज्ञ हैं, के अलावा बोर्ड के सभी सदस्य स्ट्रोक से बचे हुए लोग या उनके परिवारजन हैं।

**जापान** के लिए, स्ट्रोक से बचे हुए आत्मनिर्भर समूहों के राष्ट्रीय एसोसिएशन के प्रतिनिधि का चयन बोर्ड के सदस्य के रूप में होता है।

## 8.5 देश के केस स्टडीज़

**यूके** – 1992 में एक ऐसे देश में स्थापित जहाँ सरकारी अनुदान प्राप्त मुफ़्त स्वास्थ्य सेवा प्रणाली है। तपेदिक के रोकथाम हेतु एसोसिएशन, जो कई वर्षों से मौजूद था, को 1992 में स्ट्रोक एसोसिएशन की स्थापना से पहले छाती, हृदय, स्ट्रोक एसोसिएशन में परिवर्तित कर दिया गया था। अभियान लाभ और सेवाओं पर केंद्रित है:

**पहले पूछें** – एट्रियल फिब्रिलेशन (AF) यानि अलिंद विकंपन के प्रति जागरूकता बढ़ाना
**मेरी स्ट्रोक पर जीत** – स्ट्रोक के बाद के जीवन की सकारात्मक कहानियाँ
**अपना रक्तचाप जानें**
**दैनिक जीवन सर्वेक्षण** – स्ट्रोक से बचे हुए लोग के जीवन के बारे में किया गया अभी तक का सर्वाधिक विस्तृत एवं व्यापक सर्वेक्षण

स्ट्रोक एसोसिएशन स्ट्रोक पर शोध के लिए प्रति वर्ष £2.5मिलियन का अनुदान देता है। सरकार के साथ इसका संपर्क उच्च स्तर का है और स्ट्रोक के लिए वाद-विवाद में इसकी उपस्थिति है। सेवाएं प्रकाशन, टेलीफ़ोन सहायता, सहायता समूह, हानि सहायता, अस्पताल का निरीक्षण एवं गृह अनुकूलता प्रदान करती हैं।





**फिनलैंड** – 1977 में एक ऐसे देश में स्थापित जहाँ मुफ्त स्वास्थ्य सेवा प्रणाली है। रोग में सहायता करने वाले NGO, रोगियों और अक्षम लोगों के लिए धन स्लॉट मशीन एसोसिएशन (RAY) से आता है, जिसका मुख्य उद्देश्य फिनिश स्वास्थ्य एवं कल्याण का प्रचार करने के लिए गेमिंग ऑपरेशन के माध्यम से धन जुटाना है। फिनलैंड में संगठन स्थापित करने संबंधित कानून हैं - किसी भी संगठन की स्थापना के लिए नेशनल बॉर्ड ऑफ पेटेंट्स तथा रजिस्ट्रेशन ऑफ फिनलैंड की मंजूरी आवश्यक है। धमनीय स्वास्थ्य का प्रचार करने और धमनीय रोग की रोकथाम हेतु साथ-साथ कार्य करने के लिए फिनलैंड का फिनिश डायबिटीज और हार्ट संगठनों के साथ साझेदारी है। पारंपरिक तौर पर, वे स्ट्रोक की रोकथाम के लिए हर साल 10 मई को अभियान चलाते हैं। 2011 में केंद्रीय मुद्दा 'अपना रक्त चाप जानें' था। अभियान के बारे में निर्णय उपयोगकर्ता निवेश और संचालन समिति द्वारा लिया जाता है। संगठन स्ट्रोक शोध के लिए धन नहीं देता लेकिन सरकार के साथ इसके कुछ संपर्क हैं और वादविवादों में उपस्थिति है। फिनलैंड दूसरे संगठनों, स्ट्रोक से बचे लोगों, देखभालकर्ताओं और पेशेवरों को प्रशिक्षण प्रदान करता है, प्रकाशन एवं जानकारी प्रकाशित करता है, और सहायता समूह, हॉस्पीटल मुलाकात और मनोरंजन प्रदान करता है।



**स्लोवेनिया** – 1997 में एक ऐसे देश में स्थापित जहाँ स्वास्थ्य सेवा प्रणाली मुख्यतः मुफ्त है। स्लोवेनिया में सभी NGO को, स्वास्थ्य मंत्रालय या श्रम तथा सामाजिक मामले मंत्रालय के माध्यम से आधिकारिक तौर पर पंजीकृत होना चाहिए। NGO को दोनों विभागों में सलाह देने के लिए एक कमिटी है। NGO के लिए धन मानवीय संगठन हेतु राष्ट्रीय फाउंडेशन और स्वास्थ्य मंत्रालय तथा बीमा कंपनी के माध्यम से आता है। कंपनियों से अनुदान या स्पॉन्सरशिप, संगठन की आमदनी का एक छोटा हिस्सा है, जैसा कि लोगों द्वारा अनुदान भी है जो कि स्लोवेनिया विकसित नहीं हुआ है। उनकी अधिकतर आमदनी सरकारी अनुदानों से आती है। संगठन, सेवानिवृत्त चिकित्सकों और साथ ही साथ स्ट्रोक से बचे कुछ अति उत्साही लोग द्वारा आरंभ किया गया था। वे अभियान नहीं चलाते परंतु कार्यक्रमों में उपस्थिति का उपयोग स्ट्रोक रोकथाम के बारे में संदेश प्रस्तुत करने के लिए करते हैं। संगठन स्ट्रोक शोध के लिए धन देता है और सरकार के साथ इसके निमित्त संपर्क है और वादविवादों में उपस्थिति है। प्रशिक्षण मुख्यतः कर्मचारी, स्वयंसेवी, स्ट्रोक से बचे लोग और देखभालकर्ताओं को दिया जाता है। सेवाओं में प्रकाशन एवं जानकारी, आमने-सामने सहायता और मनोरंजन शामिल है। संगठन 20 लोगों के छोटे समूह के रूप में आरंभ हुआ – जिसमें स्ट्रोक से बचे और मौजूद सहायता संगठनों से मदद लेने से जुड़े 'कलंक' से उबर पाए बहुत कम लोग थे। यह बड़ा हो चुका है और लोगों के बीच स्ट्रोक के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायता की है, साथ ही साथ स्ट्रोक से बचे लोगों और उनके परिवार को स्ट्रोक के बाद के जीवन की गुणवत्ता सुधारने में मदद की। यह इस प्रकार संभव हो पाया:

- स्ट्रोक क्लब और स्थानीय वर्कशॉप समेत कार्यकलापों की सफल स्थापना;
- जानकारी का 'जबानी' विस्तार;
- मीडिया (स्थानीय रेडियो);
- प्रकाशन;
- दूसरे संगठनों के साथ सहयोग;
- स्थानीय सोसाइटी को शामिल करना (नगरपालिका, चर्च समुदाय)।

**इंडोनेशिया** – 2008 में स्थापित, स्वास्थ्य देखभाल की लागत पूरी तरह से निजी या कर्मचारी-योगदान बीमा द्वारा पूरा होता है, और जो अपने देखभाल हेतु बगैर बीमा के भुगतान के, सिवाय उन बहुत गरीब हैं जिन्हें सरकारी समर्थन प्राप्त है। देश में आमतौर पर कोई चिकित्सा या उम्र-संबंधी NGO नहीं है। हालांकि लोग NGO को अनुदान देते हैं, लेकिन इससे इंडोनेशिया को कोई लाभ नहीं होता। ज्यादातर NGO स्व-पोषित हैं एवं कुछ को उनकी गतिविधियों से संबंधित कंपनी से धन मिलता है। कानूनन सभी NGO को स्थानीय प्राधिकरण द्वारा पंजीकृत होना चाहिए। इंडोनेशिया ने अपने कार्य के दौरान वित्तीय बाधाओं, कर्मचारी और स्वयंसेवियों की कमी का सामना किया। संगठन अपनी क्षमता एवं योग्यता के अंतर्गत चालू ऑपरेशन को जारी रख पाया। 2011 के अभियान में न्यूरोलॉजी फॉर डमीज़, नए स्ट्रोक के लिए शारीरिक चिकित्सा एवं स्ट्रोक हेतु मनोविज्ञान पर सेमिनार शामिल था। संचालन बोर्ड अभियान पर निर्णय करता है, एवं इनमें स्वास्थ्य पेशेवरों के इनपुट शामिल होते हैं। संगठन शोध को अनुदान नहीं देता है एवं सरकार के साथ इसके उच्च स्तर के संपर्क हैं एवं वाद-विवादों में उपस्थिति है। संगठन अन्य संगठनों, लोगों एवं स्ट्रोक से बचे हुए लोगों के लिए प्रशिक्षण प्रदान करता है। सेवाओं में प्रकाशन एवं जानकारी, आमने-सामने सहायता, सहायता समूह, हानि सहायता एवं मनोरंजन शामिल है।

**हाँगकाँग** में 2003 से एक SSO है। स्वास्थ्य सेवा सार्वजनिक क्षेत्र और/या निजी क्षेत्र द्वारा प्रदान किया जाता है। नागरिक सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। नागरिक निजी क्षेत्र का उपयोग, या तो स्वयं या बीमा प्रणाली के द्वारा कर सकते हैं। श्रम एवं कल्याण ब्यूरो रोगी/चिकित्सा NGO एवं रोगी संगठन की स्थापना में हिस्सा लेते हैं। यह संगठन, स्वयंसेवियों और स्ट्रोक से बचे लोग, उनके परिवार के सदस्य एवं दोस्तों और साथ ही साथ पेशेवरों द्वारा स्थापित किया गया था, इसमें सार्वजनिक शिक्षा, स्व-सहायता या आपसी-सहायता क्रियाकलाप, सूचना पत्र, पुस्तिका, एवं एक सूचनाप्रद वेबसाइट के माध्यम से सूचना प्रसार पर साथ मिलकर कार्य कर रहे कुछ मस्तिष्क चोट समूहों एवं स्ट्रोक स्व-सहायता समूहों का संयुक्त प्रयास भी शामिल था। संगठन, स्ट्रोक एवं मस्तिष्क की चोट से बचे हुए लोगों को सार्वजनिक शिक्षा कार्यक्रमों, जैसे कि अपनी कहानी को युवाओं के साथ साझा कर, सहकर्मी से सहकर्मी परामर्श द्वारा एवं प्रदर्शनियों में सहायता के माध्यम से समुदाय में योगदान के लिए सशक्त करना चाहता है। उनके अभियान का निर्णय कार्यकारी समिति करती है। हाँगकाँग में NGO को आर्थिक मदद आंशिक रूप से सरकार द्वारा एवं आंशिक रूप से विभिन्न निजी फंड स्रोत जैसे कि व्यावसायिक संगठनों एवं धर्मार्थ संगठनों द्वारा की जाती है। संगठन, स्ट्रोक शोध को आर्थिक मदद नहीं देता है एवं इसके पास सरकार के साथ सार्वजनिक वाद-विवाद का कम मौका है। संगठन राज्य के भीतर स्व-सहायता समूह प्रदान करने पर केंद्रित है। हाँगकाँग में पाँच से ज्यादा स्ट्रोक रोगी समूह हैं। आरंभ में विभिन्न स्व-सहायता समूहों की प्राथमिकताओं में अंतर का अनुभव किया गया था, लेकिन उसे काबू कर लिया गया। अलग-अलग समूहों ने इन वर्षों में यह सीख लिया कि कैसे अपने बीच के मतभेदों को समायोजित किया जाए, और फिर आम लक्ष्यों पर कार्य किया जाए। संगठन ने अभी-अभी स्वास्थ्य सेवा वाली 24 घंटे की आपातकालीन सेवा की पैरवी शुरु की है।

# 9 सहायता के लिए कहाँ जाएं

### 9.1 विश्व स्ट्रोक संगठन में शामिल हों

स्ट्रोक में रुचि रखने वाले पेशेवर लोग साथ ही साथ पेशेवर एवं स्ट्रोक सहायता संगठन सदस्य बनने के योग्य हैं।

**WSO के वर्तमान सदस्य:**

- 75 विभिन्न देशों के 1000 से अधिक व्यक्तिगत सदस्य
- 40 से अधिक क्षेत्रीय/राष्ट्रीय वैज्ञानिक एवं स्ट्रोक सहायता संगठन।

**WSO के व्यक्तिगत एवं सोसाइटी सदस्यों को सुविधाएँ हैं जिनमें निम्न शामिल है:**

- स्ट्रोक के अंतर्राष्ट्रीय जर्नल (IJS) **का मुफ़्त सब्सक्रिप्शन एवं ऑनलाइन पहुँच**
- विश्व स्ट्रोक कांग्रेस हेतु पंजीकरण शुल्क में भारी मात्रा में छूट
- वेबकास्ट/पॉडकास्ट किए जा रहे **कांग्रेस सत्र** तक मुफ़्त पहुँच
- **विश्व स्ट्रोक अकादमी** (WSA) पर पहुँच – स्ट्रोक के बारे में एक वैश्विक संसाधन केंद्र, एवं स्वास्थ्य पेशेवरों के नियमित शिक्षा का अवसर
- ऑनलाइन WSO **सदस्यता निर्देशिका**में समावेशन और उस तक पहुँच
- विश्व स्ट्रोक कांग्रेस के आयोजन एवं बोली के आह्वान में हिस्सा लेने का अधिकार।
- **निदेशक मंडली** के लिए वोट करने, मनोनीत होने, या चुनें जाने का अधिकार 2012-2016
- सदस्यता प्रमाणपत्र (अनुरोध पर)।

**कैसे शामिल हों**

यहाँ जाएँ: http://www.world-stroke.org/ जहाँ ऑनलाइन सदस्यता आवेदन प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है, WSO सदस्यता सेवाएँ ईमेल करें (membership@world-stroke.org)।

## 9.2 यूरोप हेतु स्ट्रोक गठबंधन (SAFE) में शामिल हों

सभी यूरोपीय राष्ट्रीय संगठनों जो स्ट्रोक द्वारा प्रभावित होने के जोखिम पर हैं साधारण SAFE की सदस्यता के योग्य हैं। एसोसिएट सदस्यता उनलोगों को लिए उपलब्ध है जो साधारण सदस्यता के मापदंड को पूरा नहीं करते हैं, एवं मानद सदस्यता उनलोगों के लिए जिन्होंने SAFE के उद्देश्यों में उत्कृष्ट सहायता प्रदान की है। www.safestroke.org से **एक आवेदन-पत्र डाउनलोड किया जा सकता है**

SAFE के सदस्य परिचर्चा फ़ोरम, SAFE बोर्ड की रिपोर्ट, सूचना पत्र एवं सदस्य संगठनों के रिपोर्ट तक पहुँच सकते हैं।

## 9.3 महत्वपूर्ण संपर्क एवं उपयोगी संसाधन

SSO टूलकिट से संबंधित सामान्य प्रश्नों के लिए कृपया शोध और सूचना निदेशालय, स्ट्रोक एसोसिएशन से संपर्क करें: research@stroke.org.uk

### WSO सदस्यता संबंधित प्रश्नों के लिए कृपया निम्न से संपर्क करें:

WSO Membership Services:
1-3, Rue de Chantepoulet
P.O. Box 1726
Ch-1211, Geneva 1 Switzerland
Tel: +41 22 908 9166 Fax: +41 22 732 2607
E-mail: membership@world-stroke.org
www.world-stroke.org

### यदि आपके पास स्ट्रोक एलायंस फोर यूरोप से संबंधित कोई प्रश्न हो तो निम्न से संपर्क करें:

SAFE Secretariat (FAO Sandra Jackson)
c/o Stroke Association
Stroke Association House
240 City Road
London
EC1V 2PR
United Kingdom
E-mail: mail@safestroke.com

### यूके स्ट्रोक एसोसिएशन से यहाँ संपर्क करें:

Stroke Association
Stroke Association House
240 City Road
London
EC1V 2PR
E-mail: info@stroke.org.uk
www.stroke.org.uk



# 10 आभार

## निम्नलिखित संगठनों का धन्यवाद जिन्होंने इस टूलकिट को विकसित करने में अपना समय एवं सहायता प्रदान की:

विश्व स्ट्रोक संगठन की SSO उपसमिति
SAFE बोर्ड
स्ट्रोक एसोसिएशन यूके
ब्लू स्पार्क कंसल्टिंग
वे सभी संगठन और लोग जिन्होंने टूलकिट का मूल्यांकन एवं समीक्षा की।

**वे सभी संगठन जिन्होंने प्रश्नावली को पूरा किया**

- एसोसिएशन ब्राजील AVC
- A.LI.Ce Onlus इतालवी स्ट्रोक एसोसिएशन
- ब्रेनकेयर, हाँगकाँग
- कनाडियन स्ट्रोक नेटवर्क
- ESZME स्ट्रोक निवारण एसोसिएशन, हंगरी
- फ़िनिश ब्रेन एसोसिएशन
- जर्मन स्ट्रोक फाउंडेशन
- हृदय एवं स्ट्रोक फाउंडेशन दक्षिण अफ़्रीका
- Lembaga Swadaya Masyarakat Himpunan Peduli Stroke (स्ट्रोक देखभाल एसोसिएशन गैर सरकारी संगठन), इंडोनेशिया
- राष्ट्रीय स्ट्रोक एसोसिएशन, यूएसए
- राष्ट्रीय स्ट्रोक फाउंडेशन, ऑस्ट्रेलिया
- NASAM, मलेशिया
- नीमान स्ट्रोक से बचे लोगों का संगठन, इज़राइल
- स्लवेनियाई स्ट्रोक संगठन
- स्ट्रोक एसोसिएशन, जापान
- स्ट्रोक एसोसिएशन यूके
- विक्टोरिया स्ट्रोक एसोसिएशन, ऑस्ट्रेलिया
- न्यूज़ीलैंड स्ट्रोक फाउंडेशन
- स्वीडिश स्ट्रोक एसोसिएशन

### GE हेल्थकेयर का धन्यवाद, जिसने असीमित शिक्षा अनुदान के साथ इस संसाधन के उत्पादन को स्पॉन्सर किया।

GE हेल्थकेयर इस पहल के समर्थन में गर्व महसूस करता है जो यह सुनिश्चित करेगा कि नए और मौजूदा स्ट्रोक संगठन के पास सफलता के लिए एक स्पष्ट मार्ग हो और दुनिया भर में बड़ी संख्या में स्ट्रोक से पीड़ित एवं परिवार सहायता प्राप्त करने में सक्षम होंगे।

### स्ट्रोक एसोसिएशन यूके की सहभागिता

स्ट्रोक एसोसिएशन (यूके) के पास शोध की आर्थिक मदद, शोध की खोज को अभियानों में विकसित करने, सरकार को नीति पर सलाह देने एवं स्ट्रोक से बचे लोगों और उनके परिवारों को उत्तम गुणवत्ता की सेवाएं प्रदान करने का अनुभव है। यह SAFE में सबसे बड़ा NGO भी है और गठबंधन के लिए सचिवालय का काम करता है। शोध एवं सूचना निदेशालय के अंतर्गत, परियोजना प्रबंधन, शोध, संगठनात्मक विकास एवं भागीदारी कार्य हेतु कई विशेषज्ञ हैं और जिनके पास SSO टूलकिट परियोजना प्रदान करने की विशेषज्ञता है।

WSO के SSO उप-समिति के टूलकिट के लिए प्रस्ताव विकसित करने के बाद, स्ट्रोक एसोसिएशन (यूके) को यह परियोजना पूरा करने के लिए कहा गया। परियोजना विश्व स्ट्रोक संगठन द्वारा अनुदान प्राप्त है, इसकी प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से WSO बोर्ड, SSO उप-समिति एवं SAFE को भेजी गई।

**परियोजना प्रबंधक:**
वेरिटी बेकर, स्ट्रोक एसोसिएशन यूके

# 11 अस्वीकरण

यह टूलकिट 2012 में विश्वव्यापी SSO का चित्र दर्शाता है। हालांकि इस बात का पूरा प्रयास किया जाता है कि टूलकिट में मौजूद जानकारी पूरी, सही और नवीनतम हो, लेकिन इसकी गारंटी नहीं दी जा सकती। टूलकिट के मुद्रित हो जाने के बाद, इसके अंदर की जानकारी परिवर्तित या गलत हो सकती है। इस टूलकिट में प्रदान जानकारी मुद्रण के समय तक (सितंबर 2012) स्ट्रोक एसोसिएशन यूके और विश्व स्ट्रोक संगठन के अनुसार सही है।

इस टूलकिट में प्रदान जानकारी स्ट्रोक एसोसिएशन यूके द्वारा प्रश्नावली का उत्तर देने वालों की जानकारी पर आधारित है। इस जानकारी की सटीकता के लिए स्ट्रोक एसोसिएशन यूके उत्तरदायी नहीं है और किसी भी त्रुटि, छूट या इस टूलकिट की जानकारी के कारण क्षति के लिए इसे जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। स्ट्रोक एसोसिएशन यूके और विश्व स्ट्रोक संगठन को किसी वेबसाइट या उसमें मौजूद हाइपरलिंक के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।

## शब्दावली

AF – एट्रियल फिब्रिलेशन, एक प्रकार का अनियमित धड़कन जिसके कारण स्ट्रोक हो सकता है
EU – यूरोपीय संघ
NGO – गैर सरकारी संगठन
SAFE – स्ट्रोक एलायंस फोर यूरोप
SSO – स्ट्रोक सहायता संगठन
WSF – वर्ल्ड स्ट्रोक फेडरेशन
WSD – विश्व स्ट्रोक दिवस
WSO – विश्व स्ट्रोक संगठन

# परिशिष्ट I –

## स्ट्रोक एसोसिएशन यूके सूचना पत्र

पूरी दुनिया के मौजूदा SSO अनेक सूचना पत्र तैयार करते हैं जो उनके वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं। स्ट्रोक एसोसिएशन यूके द्वारा तैयार सूचना पत्र की सूची यहाँ है।

हम यहाँ आपके लिए हैं
धूम्रपान एवं स्ट्रोक का जोखिम
स्ट्रोक क्या है?
स्ट्रोक के बाद समझौता
स्ट्रोक की रोकथाम किस प्रकार करें
अफ्रीकी-कैरिबियाई लोगों में स्ट्रोक
स्ट्रोक के दौरान
स्ट्रोक के बाद समस्याओं का संतुलन
स्ट्रोक के बाद का जीवन
शोक और स्ट्रोक
स्वास्थ्यलाभ की राह
स्ट्रोक के बाद मिरगी
ट्रांज़िएंट इसकैमिक अटैक
हेमरेजिक स्ट्रोक
स्ट्रोक के बाद ड्राइविंग
एट्रियल फिब्रिलेशन (AF) और स्ट्रोक
स्ट्रोक के बाद संचार समस्याएँ
अवकाश जानकारी
स्ट्रोक: देखभालकर्ता मार्गदर्शिका
माइग्रेन और स्ट्रोक
स्ट्रोक के बाद घूटने की समस्या
स्ट्रोक के बाद डेमेंशिया
उच्च रक्तचाप और स्ट्रोक
स्ट्रोक के बाद दर्द
स्ट्रोक के बाद पहचान की समस्या
स्ट्रोक के बाद सेक्स
स्वस्थ भोजन और स्ट्रोक
दक्षिण एशियाई लोगों में स्ट्रोक
युवा वयस्कों में स्ट्रोक
स्ट्रोक के शारीरिक प्रभाव
स्ट्रोक के बाद डिप्रेशन
बचपन में स्ट्रोक
स्ट्रोक के बाद रक्त विरलन उपचार
इसकैमिक स्ट्रोक
स्ट्रोक के बाद ब्रह्मचर्य की समस्या
स्ट्रोक के बाद मनोवैज्ञानिक परिवर्तन
अल्कोहल और स्ट्रोक
स्ट्रोक के बाद देखने की समस्या
स्ट्रोक के बाद बोली और भाषा उपचार
औरतें और स्ट्रोक
डायबिटीज और स्ट्रोक
स्ट्रोक के बाद थकान
स्ट्रोक के बाद फिजियोथीरेपी
स्ट्रोक के बाद स्वाद परिवर्तन
स्ट्रोक के बाद पेशेवर थीरेपी
केरोटीड आर्टरी रोग
सुविधा एवं आर्थिक सहायता
बच्चों के लिए स्ट्रोक का वर्णन
विद्यार्थियों और पेशेवरों के लिए संसाधन
कसरत और स्ट्रोक
स्वतंत्र जीवन हेतु सहायता एवं उपकरण (सामुदायिक अलार्म समेत)
शिकायत करना
संपूरक थीरेपी
स्ट्रोक के बाद फुर्सत के कार्य
इलेक्ट्रॉनिक संचार सहायता एवं सॉफ़्टवेयर
निजी उपचार

# परिशिष्ट II –

## प्लानिंग टूल

यह आपके SSO के प्रमुख साझेदार, उनकी रुचि का मूल्यांकन और उन रुचियों के आपके संगठन पर प्रभावों की पहचान है। साझेदार वह व्यक्ति, समूह या संगठन है जिसका आपके SSO में रुचि हो या होना चाहिए।

### प्रत्येक साझेदार के लिए आपकी सूची:

- उनका नाम
- आपके SSO में उनकी महत्ता का स्तर (उच्च, मध्यम या निम्न)
- आपके SSO में उनकी रुचि का स्तर (उच्च, मध्यम या निम्न)
- आपके SSO में उनके प्रभाव का स्तर (उच्च, मध्यम या निम्न)
- उनकी अपेक्षाएँ और जरूरतें
- आपके SSO के कार्यप्रदर्शन के प्रति उनका रवैया।

आप ऊपर के विश्लेषण का उपयोग अपने SSO में उनकी सापेक्ष महत्ता निर्धारित करने और उन्हें अपनाने के लिए आपके SSO को जरूरी नीतियाँ निर्धारित के लिए करते हैं।

### SWOT विश्लेषण

एक आम प्लानिंग टूल जिसका उपयोग आपके SSO की शक्ति, कमजोरी, अवसर और जोखिम का मूल्यांकन करने के लिए किया जाता है। शक्ति और कमजोरी यह दिखाता है कि आपका SSO क्या बढ़िया करता है और इसे क्या सुधारने की जरूरत है। अवसर और जोखिम उस बाहरी परिवेश में परिवर्तन या रूझान की पहचान करता है जिसे आपके SSO को ध्यान रखने की जरूरत है।

### Pest विश्लेषण

PEST एक टूल है जो आपके SSO के लिए भविष्य में संभावित बाहरी परिवेश की अनेक शीर्षकों के अंतर्गत पड़ताल करता है:

- राजनीतिक
- आर्थिक
- सामाजिक
- तकनीकी

इसका PESTLE नामक एक विस्तारित संस्करण है, जिसमें कानूनी और पर्यावरणसंबंधी कारक भी शामिल हैं।

प्रत्येक शीर्षक के अंतर्गत प्रभावों या रूझानों को सूचीबद्ध करने के बाद, आप उनके प्रभाव और संभावना के आधार पर उनकी प्राथमिकता तय कर सकते हैं।

## सेवा/उत्पाद मैट्रिक्स

इस टूल को स्वैच्छिक क्षेत्र में उपयोग के लिए McKinsey/GE मैट्रिक्स से अपनाया गया है, जो कि बहुत जाने-माने बिजनेस टूल हैं। यह आपके SSO को इसकी सेवाएँ और उत्पादों के मूल्यांकन में मदद करेगा, ताकि आपको कहाँ निवेश, समीक्षा करें या रोकें के बारे में निर्णय लेने में मदद मिले।

आपको यह जाँचने की जरूरत होती है कि आपकी प्रत्येक सेवा/उत्पाद दो कारकों के संदर्भ में उच्च, मध्यम या निम्न हो:

क्षेत्र में बाजार का आकर्षण – यह निम्न जैसी चीजों को शामिल करेगा:

- बाजार का आकार
- बाजार का विकास
- बाजार की लाभप्रदता
- मूल्य निर्धारण रूझान
- प्रतिस्पर्धात्मक तीव्रता

इस क्षेत्र की शक्ति – यह निम्न जैसी चीजों को शामिल करेगा:

- सामर्थ्य की शक्ति
- ब्रांड की शक्ति
- क्लाइंट/ग्राहक निष्ठा
- नवप्रवर्तन का रिकॉर्ड
- वित्त तक पहुँच

## जोखिम विश्लेषण

यह टूल आपको पहचाने गए जोखिमों को सूचीबद्ध, छांटने और दर्जा देने में मदद करता है। प्रत्येक जोखिम के लिए, आप इसके संभावित प्रभाव का और इसके घटित होने का मूल्यांकन निम्न पैमाने पर करें (अकसर 1 से 5, जहाँ 1 = निम्न और 5 =उच्च है)। प्रभाव और संभावना के सर्वाधिक मिश्रित अंक वाले जोखिम के लिए, आप अनेक कार्यवाहीयाँ और योजनाएँ बनाते हैं जो आपको उस विशेष जोखिम को दूर या कम करने में मदद करते हैं।

# परिशिष्ट III –

## व्यवस्था का उदाहरण

1) **नाम**
SSO का नाम

.................................................................................................

2) **लक्ष्य**
SSO का लक्ष्य

.................................................................................................

3) **अधिकार**
**अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए SSO निम्न कार्य कर सकते हैं:**

- धन उगाहना
- बैंक खाते खोलना
- भवनों को हासिल और संचालित करना
- बीमा कराना
- कर्मचारी रखना
- कोर्स और कार्यक्रम आयोजित करना
- समान समूहों के साथ कार्य करना और उनके साथ सूचनाओं का आदान-प्रदान करना तथा उन्हें सलाह देना
- ऐसा कुछ भी करना जो विधि सम्मत हो और जो इसके लक्ष्यों की प्राप्ति में मदद करे।

4) **सदस्यता**

SSO की सदस्यता विकलांगता, राजनीतिक या धार्मिक संबंध, जाति, लिंग या लैंगिक-रुझान का ध्यान किए बगैर अठारह वर्ष (या वैकल्पिक उम्र) से ऊपर हर उस व्यक्ति के लिए खुली होगी जो:

- SSO को उसके लक्ष्य प्राप्ति में सहायता की रुचि रखते हो
- SSO के नियमों को मानने के इच्छुक हो एवं प्रबंधक समिति द्वारा स्वीकृत किसी भी सब्सक्रिप्शन के भुगतान के इच्छुक हो।

प्रबंधक समिति द्वारा अंतिम निर्णय लिए जाने से पूर्व उचित कारणों से किसी भी सदस्य की सदस्यता निरस्त की जा सकती है, बशर्ते कि उस सदस्य के पास, अपने एक दोस्त की उपस्थिति में, प्रबंधक समिति द्वारा सुने जाने का अधिकार होगा।

5) **प्रबंधन**

SSO का संचालन, SSO के वार्षिक सामान्य मीटिंग (A.G.M.) में चुने गए कम से कम तीन और अधिक से अधिक ....... व्यक्तियों के प्रबंधन समिति द्वारा होगा।
प्रबंधन समिति के अधिकारी निम्न होंगे: अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं सचिव।
प्रबंधन समिति में सलाहकारी एवं गैर-मतदान क्षमता वाले, अधिकतम तीन व्यक्ति, सहयोगी हो सकते हैं, अगर यह महसूस किया जाता है कि इससे SSO के लक्ष्य को पूरा करने में सहायता मिलेगी।
प्रबंधन समिति वर्ष में कम से कम दो बार मिलेंगे।
प्रबंधन समिति की मीटिंग के लिए प्रबंधन समिति के कम से कम तीन सदस्यों को उपस्थित रहना जरूरी है।
प्रबंधन समिति में मतदान हाथ उठाकर किया जाएगा। यदि वोट बराबरी पर रहता है तो अध्यक्ष के पास अतिरिक्त वोट का अधिकार होगा।
प्रबंधन समिति के पास किसी भी सदस्य को उचित एवं सही कारण से हटाने का अधिकार होगा।
प्रबंधन समिति रिक्त पद को भरने के लिए SSO के किसी अन्य सदस्य को समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त कर सकती है, यह ध्यान देते हुए कि अधिकतम निर्धारित संख्या पार न हो जाए।

6) **अधिकारियों के कर्तव्य**

अध्यक्ष के कर्तव्य निम्न होंगे:

- समिति एवं SSO की मीटिंग की अध्यक्षता
- किसी समारोह/मीटिंग में SSO के आमंत्रित होने पर SSO का प्रतिनिधित्व करना
- और आवश्यकता पड़ने पर SSO के प्रवक्ता की तरह काम करना।

अध्यक्ष के कर्तव्य निम्न होंगे:

- सदस्यता सूची रखना

अध्यक्ष के साथ सलाह करके समिति एवं SSO के मीटिंग के मसौदे को तैयार करना
सभी मीटिंग के विवरण लिखना और रखना; एवं
SSO के अंतर्गत किसी भी प्रसांगिक सूचना को एकत्र एवं प्रसारित करना।

कोषाध्यक्ष के कर्तव्य निम्न होंगे:
SSO के वित्तीय मामलों का प्रबंध करना एवं;
SSO द्वारा प्राप्त एवं भुगतान किए गए सभी राशियों को दर्शाने वाला सही खाता रखना।

7) **वित्त**

SSO द्वारा या उसकी ओर से प्राप्त की गई राशियों को केवल SSO लक्ष्यों के लिए प्रयुक्त करना होगा, किसी और उद्देश्य के लिए नहीं।
SSO के लिए खोले गया कोई भी बैंक खाता SSO के नाम से होगा।
जारी किया गया कोई भी चेक कोषाध्यक्ष एवं प्रबंधन समिति के एक अन्य मनोनीत सदस्य द्वारा हस्ताक्षरित होगा।
देश के कानून के अनुसार, SSO यह सुनिश्चित करेगा कि उसका खाता प्रत्येक वर्ष ऑडिट किया जाए और स्वतंत्र रूप से उसकी जाँच की जाए।
SSO सदस्यों या प्रबंधन समिति के सदस्यों को क्षमता से ज्यादा का भुगतान कर सकता है, इनमें यात्रा, शिशुपालन एवं भोजन के जैसे खर्चे शामिल हैं।

8) **सामान्य वार्षिक मीटिंग**

SSO निम्न महीने में सामान्य वार्षिक मीटिंग (A.G.M.) आयोजित करेगा ..........................................
सभी सदस्यों को A.G.M. के लिए कम से कम चौदह दिनों का नोटिस दिया जाएगा एवं वे उसमें शामिल होने एवं मत देने के पात्र होंगे।
A.G.M. के कार्यों में निम्न शामिल होगा:
SSO की वर्ष भर की गतिविधियों पर अध्यक्ष से रिपोर्ट प्राप्त करना
SSO के वित्त पर कोषाध्यक्ष से रिपोर्ट प्राप्त करना
एक नई प्रबंधन समिति का चुनाव करना एवं;
निर्णयानुसार किसी अन्य विषय पर विचार करना।

सामान्य वार्षिक मीटिंग एवं किसी अन्य सामान्य मीटिंग होने के लिए में कम से कम......... सदस्य उपस्थित होने चाहिए।

9) **सामान्य मीटिंग**

प्रत्येक वर्ष 2 सामान्य मीटिंग होंगे (A.G.M को छोड़कर)।
सभी सदस्य उपस्थित होने और मत देने के पात्र होंगे।

10) **विशेष वार्षिक मीटिंग**

किसी अति आवश्यक विषय पर चर्चा के लिए एक विशेष सामान्य मीटिंग, प्रबंधन समिति या......... सदस्यों बुलाई जा सकती है। सचिव विशेष सामान्य मीटिग के चौदह दिनों की नोटिस के साथ चर्चा किए जाने वाले कार्यों की नोटिस सभी सदस्यों को देगा।

11) **व्यवस्था के विकल्प**

इस व्यवस्था में किसी भी प्रकार के परिवर्तन के लिए सामान्य मीटिंग में उपस्थित कम से कम दो-तिहाई सदस्यों की स्वीकृति एवं मतदान द्वारा किया जाना चाहिए।

12) **डिस्काउंट**

किसी भी सामान्य मीटिंग में यदि दो-तिहाई उपस्थित सदस्यों की स्वीकृति एवं मतदान होने पर SSO को समाप्त किया जा सकता है। समाप्त करने के कार्य में सभी देनदारियों के भुगतान बाद शेष कोई भी संपत्ति समान लक्ष्य वाले किसी अन्य SSO या संगठन को प्रदान करना होगा।

13) **व्यवस्था को अपनाना**

पहले A.G.M. के होने तक व्यक्ति जिनके नाम, पते एवं हस्ताक्षर इस दस्तावेज़ के नीचे दिखाई पड़ते हैं इस व्यवस्था के अनुसार प्रबंधन समिति की तरह कार्य करेंगे। यह व्यवस्था निम्न द्वारा अपनाया गया था

नाम ..........................................................................................

पता ...........................................................................................

.................................................................................................

हस्ताक्षर.....................................................................................

**स्ट्रोक एसोसिएशन**
द्वारा प्रकाशित
स्ट्रोक एसोसिएशन हाउस
240 सिटी रोड
लंदन
EC1V 2PR
**ई-मेल:** info@stroke.org.uk
stroke.org.uk

आइटम कोड A12UKSF05
स्ट्रोक एसोसिएशन एक गारंटी द्वारा सीमित और, इंगलैंड एंड वेल्श में पंजीकृत (No 61274) कंपनी है।
पंजीकृत ऑफिस: स्ट्रोक एसोसिएशन हाउस, 240 सिटी रोड, लंदन EC1V 2PR इंगलैंड एंड वेल्श में (No 211015) और स्कॉटलैंड में (SC037789) चैरिटी के रूप में पंजीकृत। इसके अतिरिक्त नॉदर्न आयरलैंड (XT33805) आइल ऑफ़ मैन (No 945) और जर्सी (NPO 369) में भी पंजीकृत।